सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये
शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि
नारायणि नमोऽस्तु ते ॥

जय सर्वमंगला माँ

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार



वर्ष-15, अंक - 25 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 27 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-8, मूल्य-रू. 3.00




**तिथिवार नौ देवियों की पूजा-**

**(पहला दिन) -**
3 अक्टूबर- मां शैलपुत्री
**(दूसरा दिन) -**
4 अक्टूबर मां ब्रह्मचारिणी
**(तीसरा दिन) -**
5 अक्टूबर मां चंद्रघंटा
**(चौथा दिन)-**
6 अक्टूबर मां कुष्मांडा
**(पांचवा दिन) -**
7 अक्टूबर- मां स्कंदमाता
**(छठां दिन)-**
8 अक्टूबर- मां कात्यायनी
**(सातवां दिन) -**
9 अक्टूबर- मां कालरात्रि
**(आठवां दिन) -**
10 अक्टूबर- मां महागौरी
**(नौंवा दिन) -**
11 अक्टूबर- मां सिद्धिदात्री



# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 03 अक्टूबर से जलेंगे आस्था के दीप

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन गुरूवार, दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होगा एवं आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी दिन शुक्रवार, दिनांक 11.10.2024 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे।

प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यों में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 701/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।

शारदीय नवरात्रि पर्व 03.10.2024, गुरूवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 11.10.2024, शुक्रवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 11.10.2024, शुक्रवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी। माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रतिरात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

### अमेरिका, आस्ट्रेलिया एवं सिंगापुर के भक्तों का भी जलेगा मनोकामना दीप

इस बार माता के दरबार में 10 हजार से अधिक मनोकामना दीप जलेंगे। कोरबा, छत्तीसगढ़, पूरे भारत सहित अमेरिका, आस्ट्रेलिया व सिंगापुर के भक्तों का भी ज्योति कलश मंदिर परिसर के कलश कक्ष में जलेंगे।

### इन स्थानों से भी राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं- सम्पर्क स्थल

माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दरी रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको-243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा-7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह - 275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।

### कल्याणकारी हैं माँ सर्वमंगला देवी



माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा, कोरबा के प्रबंधक एवं पुजारी नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने बताया कि माँ सर्वमंगला देवी कोरबा ही नहीं बल्कि जगत माता हैं और जागृत देवी के रूप में सर्व विख्यात है। माँ सर्वमंगला देवी कल्याणकारी नवदुर्गा का रूप हैं और सबका कल्याण करने वाली हैं। माँ सर्वमंगला सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 03 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में पूजा अर्चना, हवन पूजन के साथ सभी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने नन्हा महराज ने श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है और कहा है कि माँ सर्वमंगला की पूजा से जीवन में सत्व का प्रकाशपूंज फैलता है और जीवन समृद्ध एवं खुशहाल बनता है। माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित करने से हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मन में नई ऊर्जा का संचार होता है और ब्याधियां दूर होती हैं।

### छत्तीसगढ़ को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितीन गडकरी की सौग़ात

# सड़कों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ की मंजूरी

**प्रमुख परियोजनाएं: उरगा-कोरबा कटघोरा रिंग रोड (42.1 किमी) - 1,593 करोड़ रुपये, बसना से सारंगढ़ (33 किमी) - 490 करोड़ रुपये, सारंगढ़ से रायगढ़ (56 किमी) - 825 करोड़ रुपये, रायपुर-लखनादोन इकोनोमिक कॉरिडोर (105 किमी) - 6,300 करोड़ रुपये**

**नई दिल्ली/रायपुर।**

छत्तीसगढ़ की सड़कों का जाल और मजबूत होने जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। श्री गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान की।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल रहे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता से निष्पादन हो सके। बैठक में परियोजनाओं के विलम्ब के कारणों व रुकावटों पर चर्चा की गयी। इस संबंध में वन विभाग से क्लीयरेंस, राजस्व और खनन से जुड़े अड़चनों को दूर करने व परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गई, इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास (NH-149B), बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है।

जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है।

वहीं, केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 908 करोड़ के आठ कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

बैठक में केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी।

एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक माह के अन्दर एजेंसी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में रायपुर शहर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर व विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग एवं रायपुर एक्सप्रेस वे पर ग्रेड सेपरेटर बनाने की सहमति दी गई।

इसके अलावा सड़कों के विकास के लिए 1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति मिली है।



### छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ी सौगात है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क नेटवर्क का विस्तार राज्य के ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करें और समय पर कार्य पूरा करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएं।

बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, वन विभाग के सचिव अमरनाथ प्रसाद सहित राज्य के लोक निर्माण विभाग, राजस्व, खनन और वन विभागों के अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

### परियोजनाओं के प्रमुख बिंदु-

**रुपये 908 करोड़ के 8 कार्यों की स्वीकृति**-केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) योजना के तहत आठ परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे राज्य की कनेक्टिविटी और व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा।

**केशकाल घाट का फोरलेन चौड़ीकरण**- केशकाल घाट के फोरलेन चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति दी गई है, जिसे एक महीने के भीतर मंजूरी मिलने की संभावना है। यह परियोजना क्षेत्र में यातायात सुगमता और सड़क सुरक्षा को बढ़ाने में मदद करेगी।

**धमतरी-जगदलपुर मार्ग का फोरलेन चौड़ीकरण**- इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति भी दी गई है, जिससे दक्षिण छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**समस्त प्रगतिरत और प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए समय-सीमा में पूर्णता के निर्देश**- सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छत्तीसगढ़ की सड़कों और राजमार्गों का विकास तेजी से हो सके।

**एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापटनम और बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग**- इन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए गए हैं, जिससे राज्य की कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

**पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग**- इस परियोजना के लिए एजेंसी का चयन एक महीने के भीतर किया जाएगा, ताकि सीमा क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा सके।

**रायपुर शहर में ग्रेड सेपरेटर निर्माण**- रायपुर शहर के टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच सरोना, उद्योग भवन और तेलीबांधा में ग्रेड सेपरेटर के निर्माण की भी मंजूरी मिली है, जिससे शहर में यातायात की भीड़ कम होगी।

**विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) और रायपुर-धमतरी मार्ग पर ग्रेड सेपरेटर**- इन दोनों स्थानों पर भी ग्रेड सेपरेटर के निर्माण की सहमति दी गई है, जिससे यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को सुविधा होगी।

### जीएसटी कंपनसेशन सेस पुनर्गठन के लिए गठित मंत्रियों के समूह में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल

**रायपुर।**

जीएसटी के तहत कंपनसेशन सेस के पुनर्गठन के लिए मंत्रियों के समूह का गठन किया गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में गठित इस समूह में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सदस्य नामित किया गया है। जीएसटी काउंसिल की 54 वीं बैठक में कंपनसेशन सेस को समाप्त कर एक नया कर ढांचा तैयार करने पर जोर दिया गया था। इसी तारतम्य में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन किया गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अगुवाई में गठित इस कमेटी में ओपी चौधरी के अलावा असम की वित्त मंत्री स्मिता नेग, गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और तमिलनाडु के वित्त मंत्री थांगम थिन्नारसु सदस्य बनाए गए हैं। यह समूह कंपनसेशन सेस को समाप्त करने के बाद प्रभावी और समग्र कर प्रणाली विकसित करने के लिए विभिन्न कर प्रस्तावों पर विचार करेगा। परिषद ने इस बात पर जोर दिया था कि नया कर ढांचा न केवल राज्यों की वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करेगा, बल्कि आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा देगा। कंपनसेशन सेस के माध्यम से राज्यों को मिलने वाले वित्तीय संसाधनों का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि इससे कई विकास परियोजनाओं को मदद मिलती है।

### वन नेशन-वन इलेक्शन:3 बिल ला सकती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में एक साथ चुनाव कराने की अपनी योजना को अमल में लाने के लिए सरकार द्वारा 3 विधेयक लाए जाने की संभावना है, जिनमें दो संविधान संशोधन से संबंधित होंगे। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों में से एक स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभाओं के साथ कराए जाने से संबंधित है। इसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों के अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। 'एक देश, एक चुनाव' योजना के साथ आगे बढ़ते हुए, सरकार ने इस महीने की शुरुआत में देशव्यापी सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने की उच्च-स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया।

पहला संविधान संशोधन विधेयक-लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान करने से संबंधित होगा। इसमें विधानसभाओं को भंग करने और 'एक साथ चुनाव' शब्द को शामिल करने के लिए अनुच्छेद 327 में संशोधन करने से संबंधित प्रावधान भी हैं।

### महाराष्ट्र सरकार ने देसी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया:ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य, चुनाव से पहले शिंदे सरकार का फैसला

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार ने देसी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है। ऐसा करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। सोमवार को कैबिनेट बैठक में सरकार ने ये फैसला लिया। महायुति सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। शिंदे ने कहा कि स्वदेशी गायें हमारे किसानों के लिए वरदान हैं। इसलिए हमने इन्हें राज्य माता का दर्जा देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही हम गोशालाओं में स्वदेशी गायों के पालन-पोषण के 50 रुपए प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने जा रहे हैं। गोशालाएं अपनी कम आय के चलते यह खर्च नहीं उठा सकती थीं, इसलिए यह फैसला लिया गया है।

**सरकार ने कहा- भारतीय संस्कृति में देसी गाय के महत्व को देखते हुए फैसला लिया**

नोटिफिकेशन में सरकार ने कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देसी गाय के महत्व, मानव आहार में देसी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति और जैविक कृषि प्रणालियों में देसी गाय के गोबर और गोमूत्र के अहम स्थान को देखते हुए देसी गाय को राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई है।

**26 नवंबर से पहले चुनाव**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में 3700 पदों पर सरकारी नौकरी:पुलिस, स्वास्थ्य,पीएचई, कृषि सहित 8 विभागों में मिलेगा मौका; सीजीपीएससी-व्यापमं के जरिए होगी भर्ती

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ सरकार ने खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए कृषि, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग जैसे अलग-अलग 8 विभागों में 3700 से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी। इन सभी पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति मिल गई है।

इन भर्तियों के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी कर सकती है। भर्ती प्रक्रिया और परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यापमं और सीजीपीएससी के जरिए आयोजित होगी।

**गृह विभाग**-पुलिस सूबेदार, उप पुलिस निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर, नगर सैनिक सहित कुल 1,069 पदों पर भर्ती होगी। उप निरीक्षक के विभिन्न रेंज में 213 पदों को मंजूरी दी गई है। इसमें पुलिस मुख्यालय सामान्य शाखा में 40, रायपुर रेंज में 20, बिलासपुर रेंज में 48, बस्तर रेंज में 28, दुर्ग रेंज में 10, सरगुजा रेंज में 35 और राजनांदगांव में 32 पद शामिल हैं। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय में कनिष्ठ श्रेणी, शीघ्रलेखक/सूबेदार (एम) के 50 पदों पर भर्ती को स्वीकृति दी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग**-स्वास्थ्य विभाग के तहत चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स सहित अन्य संवर्ग के 1201 पदों पर स्वीकृति मिली है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में सहायक मार्शल के पदों और आदिम जाति कल्याण विभाग में छात्रावास अधीक्षक के 300 पदों भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

वन विभाग में वन रक्षक सहित अन्य संवर्ग के कुल 66 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

**पीएचई** -उप अभियंता (सिविल) के 118, उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10 पदों सहित 181 पदों पर भर्ती होगी।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग** - आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के 237, विधि विभाग के अंतर्गत न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश सहित अन्य संवर्ग के कुल 362 पदों पर तथा कृषि विभाग के अंतर्गत 321 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की भर्ती का रास्ता खुल गया है।

# बालको मेडिकल सेंटर ने विश्व स्तरीय कैंसर उपचार से क्षेत्र को बनाया सशक्त

## कैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर और नेशनल कैंसर ग्रिड के साथ साझेदारी कर बीएमसी ने कैंसर उपचार को किफायती तथा सभी तक इसकी पहुंच को बनाया आसान

**रायपुर/कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन के अतंर्गत संचालित बालको मेडिकल सेंटर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण समापन की ओर। 20 से 22 सितम्बर तक आयोजित कॉन्क्लेव में कैंसर उपचार के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कैंसर क्षेत्र के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल हुए जिसमें लंदन, कनाडा, न्यूजीलैंड, इजरायल, अमेरिका और स्पेन के ख्याति प्राप्त संकाय सदस्य के साथ भारत के शीर्ष कैंसर संस्थानों के प्रमुख विशेषज्ञ मौजूद थे। कॉन्क्लेव ने ज्ञान साझा करने, विचार-मंथन और नेटवर्किंग के लिए एक मंच प्रदान किया।

कॉन्क्लेव का थीम कॉमन सेंस ऑन्कोलॉजी (सीएसओ) फॉर आउटकम्स दैट मैटर विषय पर केंद्रित था। यह वैश्विक ऑन्कोलॉजी समुदाय में एक बढ़ता हुआ अभियान है, जो कैंसर की देखभाल के लिए व्यावहारिक और रोगी-केंद्रित है। इसका उद्देश्य निम्न-मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में सस्ती और बेहतर कैंसर देखभाल तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना है। कॉन्क्लेव में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के साथ एक लाइव सर्जरी किया गया। इसके साथ कैंसर उपचार में महत्वपूर्ण कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने वाली 10 कार्यशालाएँ भी शामिल थीं।

ईकैंसर के मुख्य संपादक और यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो कैंसर सेंटर में ग्लोबल ऑन्कोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. एनरिके सोटो ने रोगी के दृष्टिकोण से ऑन्कोलॉजी पर पुनर्विचार करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि






व्यावसायिक हितों पर ध्यान केंद्रित करना है, इसके साथ ही स्पष्ट संचार की कमी रोगी और चिकित्सक दोनों के लिए उपचार संबंधी निर्णय लेने में बाधा बन रही है। हमारी प्राथमिकताओं को पुनः संतुलित करने के लिए शिक्षा, संचार, नीति, अनुसंधान डिजाइन और निवेश में बदलाव की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें ऐसे समाधान अपनाने की आवश्यकता जो लागत-प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण हों, इससे निम्न-मध्यम आय वाले देशों में कैंसर उपचार पर वास्तविक प्रभाव डाला जा सकता है तथा इस पहल से सुनिश्चित हो पाएगा कि वित्तीय क्षमता की परवाह किए बिना कैंसर का इलाज आसान हो।

बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हमारी चर्चाएँ अकादमिक शोधपत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर में कैंसर उपचार में सकारात्मक बदलाव लाएँ। इस वर्ष के सम्मेलन में चिकित्सक और नर्स के साथ-साथ शोधकर्ताओं, रोगी, कैंसर पीड़ित और विशेषज्ञ ने भी भाग लिया, जिससे यह कैंसर चर्चाओं के लिए एक बहुआयामी मंच बना।

टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के उप निदेशक और कैंसर सर्जरी प्रमुख डॉ. शैलेश वी. श्रीखंडे ने बीएमसी की बेहतरीन सर्जरी विशेषज्ञता पर बात करते हुए कहा कि बीएमसी की सुविधाएं देश के प्रमुख कैंसर केंद्रों के बराबर है। यह इस क्षेत्र का अनूठा संस्था जिसके आठ कैंसर विशेषज्ञों में से पांच क्वालिफाइड एमसीएचस हैं। केंद्र के ऑपरेटिंग थिएटर (ओटी) और ओवरऑल इन्फ्रास्ट्रक्चर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं जो बीएमसी को विश्व स्तरीय उपचार देने में सक्षम बनाता है।

### कैंसर के मानक उपचार को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य -ज्योति अग्रवाल

कॉन्क्लेव पर वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने बालको मेडिकल सेंटर के लिए अपना विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कैंसर की देखभाल के लिए पूर्णरूप से रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए इसके उपचार मानक को बढ़ाना है। यह कॉन्क्लेव रोगियों के लिए बेहतर उपचार प्राप्त करने के लिए सामूहिकता की शक्ति में हमारे विश्वास को दर्शाता है।

विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिनिधियों कॉन्क्लेव को मूल्यवान अंतर्दृष्टि और रणनीतियों के लिए अपने विचार व्यक्त किया। इससे कैंसर संबंधित संस्थानों में कैंसर उपचार में सुधार लाने के लिए एक अभियान की शुरुआत हुई। इस कॉन्क्लेव में पहली बार एक समर्पित नर्सिंग कॉन्क्लेव भी शामिल था जिसमें कैंसर देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का यह दूसरा संस्करण एक ऐतिहासिक आयोजन बन गया है। कॉन्क्लेव में 1000 से अधिक चिकित्सक, नर्स, शोधकर्ता, रोगी, कैंसर सर्वाइवर और विशेषज्ञ एक साथ आए हैं, जिससे पूरे भारत में कैंसर उपचार तक सभी की पहुंच के लिए ऑन्कोलॉजी क्षेत्र को बढ़ावा देने का एक मंच मिला।

---

कैंसर उपचार को उत्कृष्ट बनाने के लिए बालको मेडिकल सेंटर में वैश्विक कैंसर कॉन्क्लेव

# टाटा मेमोरियल अस्पताल के शीर्ष कैंसर रोग विशेषज्ञों ने पैनक्रिएटिक एंड गैस्ट्रिक कैंसर के उपचार के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए लाइव सर्जिकल का किया प्रदर्शन।

## मध्य भारत में पहली बार माइक्रोसॉफ्ट होलोलेंस 2 का उपयोग जटिल कैंसर सर्जरी के दौरान 3डी विज़ुअलाइज़ेशन प्रदान करने के लिए किया गया

**रायपुर/कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल सुविधाओं में से एकबालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) में वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के कैंसर विशेषज्ञों के लिए एक लाइव सर्जिकल प्रदर्शन किया गया। मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जटिल कैंसर सर्जरी के लिए कैंसर की उन्नत तकनीक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। कॉन्क्लेव में 120 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया जिससे अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में विचार साझा करने के लिए एक मंच तैयार हुआ।

सम्मेलन मेंविशेषज्ञों ने माइक्रोसॉफ्ट होलोलेंस 2 ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) हेडसेट का उपयोग करके पैनक्रिएटिक एंड गैस्ट्रिक कैंसर के उन्नत तकनीक का प्रयोग करते हुए लाइव सर्जरी किया। यह तकनीक पारंपरिक 2डीइमेजिंगजैसे कि सीटीऔर एमआरआईस्कैन को इंटरेक्टिव 3डीहोलोग्राम में परिवर्तित करती हैजो कैंसर सर्जरी में 3डीऑपरेटिव प्लानिंग प्रदान करती है। यह ट्यूमर और आसपास की शारीरिक रचना के बारे में सर्जन की समझ को भी बढ़ाता है जिससे उन्हें ट्यूमर की विशेषताओं और वैस्कुलर वेरिएशन का बेहतर मूल्यांकन करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों ने प्रीऑपरेटिव प्लानिंग और सर्जिकल सटीकता को बेहतर बनाने में इसके महत्व पर जोर दिया जो कैंसर की देखभाल में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं।

इस नवाचार से पैनक्रिएटिक कैंसर के जटिल सर्जरी करने के तरीके में तकनीकी बदलाव पर बोलते हुए टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के उप निदेशक और कैंसर सर्जरी प्रमुख डॉ. शैलेश वी. श्रीखंडे ने कहा कि पैन्क्रियाटोड्यूओडेनेक्टॉमी (व्हिपल प्रक्रिया) का ऑपरेशन सबसे जटिल माना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जटिल शारीरिक संरचना को देखते हुए पैनक्रिएटिक की सर्जरी चुनौतीपूर्ण होती है। जटिलताओं को कम करने और रोगी के उपचार बेहतरी प्रदान करना होलोलेंस की तकनीक को महत्वपूर्ण बनाती है। 3डी होलोग्राफिक इमेजिंग के उपयोग से हम युवा पैनक्रिएटिक विशेषज्ञ को सिखा सकते हैं किउन्हें चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से तैयार कर सकते हैं। यह तकनीक रोगियों के उपचार महत्वपूर्ण है जिससे उन्हें लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता कम हो जाएगी।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटलमुंबई के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं हेपाटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी सर्जन एवं प्रोफेसर मनीष भंडारेने गैस्ट्रिक कैंसर मरीज का ऑपरेशन किया और लाइव सर्जरीके महत्व पर प्रकाश डाला। ये सत्र देश भर के विशेषज्ञों के लिए कैंसर प्रबंधन में अत्याधुनिक तकनीकी उपयोग के लिए एक मंच तैयार करता हैं। वास्तविक समय की जानकारी साझा करने से रोगियों को उन्नत देखभाल प्रदान करने की हमारी सामूहिक क्षमता में सुधार होता है।

बालको मेडिकल सेंटर में कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. श्रवण नादकर्णी ने भारत में सर्जिकल परिणामों को बदलने में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) की क्षमता पर जोर दिया। यह मध्य भारत में ऑन्कोलॉजिकल सर्जरी में होलोलेंस 2 के इस्तेमाल के पहले उदाहरणों में से एक है। यह हमें असाधारण

सटीकता के साथ ट्यूमर मार्जिन और संवहनी संरचनाओं का मूल्यांकन करना आसान करता है जिससे सुरक्षित सर्जरी और बेहतर रोगी परिणाम मिलते हैं।

बालको मेडिकल सेंटर के सर्जिकल और क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. मौ रॉय ने कहा कि इस तकनीक का पश्चिम में बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है और अब यह भारत में भी अपनी छाप छोड़ने लगी है। सर्जिकल तकनीकों के साथ ऑगमेंटेड रियलिटी को एकीकृत करके सर्जन जटिलताओं को कम कर सकते हैं और सर्जिकल सटीकता को बढ़ा सकते हैं जिससे छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में रोगियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकेगी।

बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने सम्मेलन के सफल शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के सर्जन और ऑन्कोलॉजिस्ट के ऐसे समूह का बीएमसी में आना इस क्षेत्र में कैंसर देखभाल में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम लोगों के लिए किफायतीउच्च गुणवत्ता वाले उपचार विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह आयोजन उस यात्रा में एक मील का पत्थर है।




---

# बालको के इंजीनियर विकसित भारत के सपने को दे रहे हैं आकार

**बालको नगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर अपने प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग कर्मचारियों को सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह प्रतिबद्धता नवाचार और प्रचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में कंपनी की भूमिका को दर्शाता है जिससे वैश्विक विनिर्माण लीडर के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है। मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग जैसे मुख्यधारा के इंजीनियरिंग से लेकर मेटलर्जिकल, मैटेरियल्स, माइनिंग, सिरेमिक, पॉवर और एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में लगभग 1500 इंजीनियर कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये व्यक्ति सामूहिक रूप से बालको की प्रचानल क्षमता, नवाचार को बढ़ावा देने और लगातार विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य में कंपनी की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने का आधार हैं।

लगभग दो दशकों से बालको कार्यस्थल पर टीम लीडर के रूप में काम कर रहे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर अनुज सूद ने कहा बताया कि 18 साल पॉटलाइन जहां इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से एल्युमिना पाउडर से एल्यूमिनियम बनाया जाता है। मैंने देखा है कि कैसे बालको ने प्रचालन दक्षता की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाया है। हम जिन मैकनिकल सिस्टम के साथ काम करते है उनकी जटिलता- गलाने की तकनीक से लेकर पॉटलाइन उपकरणों की सटीक इंजीनियरिंग तकनीकी विशेषज्ञता के साथ निरंतर नवाचार की मांग करती है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हमारी प्रक्रियाएं वैश्विक एल्यूमिनियम क्षेत्र में आगे रहें।

एक साल पहले ही बालको परिवार में शामिल हुए मेटलर्जिकल इंजीनियर ईशान चतुर्वेदी ने कहा कि वेदांता बालको में अपना करियर शुरू करना एक अविश्वसनीय अवसर रहा है। पॉटलाइन्स स्मेलटिंग प्रक्रिया के मूल में हैं और अनुभवी इंजीनियरों से सीखते हुए ऐसी उन्नत प्रणालियों के साथ काम करना रोमांचक रहा है। मेरे लिए सबसे खास बात है कि बालको ने सस्टेनबिलिटी की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करके भारत के प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक के रूप में अपनी विरासत को कायम रखा है। मैं इस क्षेत्र में अपने तकनीकी ज्ञान का विस्तार करते हुए कंपनी की भविष्य की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

बालको पॉटलाइन के प्रोसेस कंट्रोल में प्रोडक्शन इंजीनियर निशा मांझी अपने दो साल के सफर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कि पॉटलाइन्स के प्रोसेस कंट्रोल में इच्छानुसार काम करना तथा पुरस्कृत होना मेरे लिए गौरव की बात है। एल्यूमिनियम प्रोडक्शन प्रोसेस की एफिशिएंसी सुनिश्चित करने के लिए सटीक निगरानी और अनुकूलन की आवश्यकता होती है। इंजीनियर के रूप में मैं लगातार डेटा का विश्लेषण कर हमारे सिस्टम के परफार्मेंस और सेफ्टी को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देती हूँ।



### रीढ़ की हड्डी की तरह हैं इंजीनियर-राजेश कुमार

इंजीनियर कंपनी के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह महत्वपूर्ण हैं इस पर बात करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारे इंजीनियर वेदांता बालको के नवाचार और सफलता के केंद्र में हैं। हम अपने इंजीनियरिंग प्रतिभा के विकास और कौशल वृद्धि की प्रतिबद्धता को पूरा करके कंपनी और उनकी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं तथा भारत के औद्योगिक विकास में भी योगदान दे रहे हैं। ये इंजीनियर देश को वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी रहने के लिए सशक्त बना रहे हैं तथा नवाचार, कौशल विकास और तकनीकी निपुणता की अपनी यात्रा को भी आगे बढ़ा रहे हैं।

इस भूमिका में आने वाली चुनौतियों के बावजूद मैं हमेशा अपनी टीम द्वारा उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित रही हूँ। बालको लोगों के इस धारणा को तोड़ने में सहायक बना कि महिलाएँ आपरेशन क्षेत्र में कामयाब नहीं हो सकती हैं। कंपनी तकनीकी कौशल और नवाचार को सबसे अधिक महत्व देती है जिससे मुझे प्रचालन में आगे बढ़ने और सार्थक योगदान देने अवसर मिला है। विभिन्न विषयों के इंजीनियरों की विशेषज्ञता का उपयोग करके बालको प्रचालन उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रहा है।कंपनी देश में एल्यूमिनियम उत्पादन में सबसे आगे रहने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए विकसित भारत के विज़न में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है।

---

# बालको फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'मल्हार' ने कर्मचारियों के रचनात्मकता को दी नई उंचाई




**बालको नगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व फोटोग्राफी के अवसर पर 'मल्हार 2.0' फोटो प्रदर्शनी व हिंदी दिवस का संयुक्त आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वेदांता समूह के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई तस्वीरों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में आये आगंतुकों ने मनमोहक फोटोग्राफी की सराहना की।

बालको टाउनशिप में आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला को मल्हार नाम दिया गया। वाह क्या व्यू है थीम के इर्द-गिर्द घूमती प्रदर्शनी में प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाने वाली मनमोहक चित्र प्रदर्शित की गईं। सभी कलात्मक छायाचित्र बालको के साथ-साथ वेदांता समूह के विभिन्न यूनिट के कर्मचारियों द्वारा खींचे गए थे। कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा स्कूल के छात्रों सहित आगंतुकों के लिए खुली यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय आनंददायक अनुभव



रहा। दो दिवसीय मल्हार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कंपनी ने स्थानीय छात्रों के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी में स्वरचित काव्य लेखन एवं काव्य पाठ आयोजित किया। कार्यक्रम में 10वीं, 11वीं और 12वीं के लगभग 80 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ देशभक्ति, सामाजिक एवं मार्मिक कविता से श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में काव्य पाठ करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेल्फी कॉर्नर के साथ-साथ बच्चों के लिए किड्स कॉर्नर बनाया गया था जिसमें बच्चों के लिए स्केच बनाने तथा बनी हुई आकृति में रंग भरने की व्यवस्था थी। बालको कर्मचारियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे दर्शकों को ध्यान में रखते हुए फ़ॉन्ट चुनाव, उपयोगी बुलेट पॉइंट, रंगों का प्रयोग, प्रभावशाली चित्रों एवं चार्ट और ग्राफ़ का प्रयोग करना चाहिए।

मल्हार कार्यक्रम की सराहना करते हुए बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी तकनीकी प्रगति को समृद्धि प्रदान करने तथा नवाचार करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे संगठन के भीतर कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत तथा उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। बच्चों की कविता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सामंजस्यपूर्ण समाज की साहित्यिक नींव को आकार देने में आने वाली युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। हिंदी भाषा को बढ़ावा देना हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोये रखने का प्रयास है जो एक बेहतर और समावेशी समाज की ओर सराहनीय कदम है।

---

# कोरबा में औद्योगिक प्रगति से हो रहा आर्थिक विकास

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

औद्योगिक विकास का असली मकसद है वहां रहने वाले नागरिकों को समृद्ध बनाना। समृद्धि का पर्याय उत्पादन और उत्पादकता के कीर्तिमानों भर से नहीं है बल्कि कारखाने से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े नागरिकों के जीवन स्तर में उठाव और उनके चेहरों पर आने वाली मुस्कान ही विकास का असली मानदंड है। छत्तीसगढ़ में बालको की प्रगति का अर्थ सरकारी राजस्व में वृद्धि प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा स्वावलंबन, बिजली, सड़क जैसी आधारभूत संरचना के विकास, पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन, प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसरों से भी है।

कोरबा एक औद्योगिक नगरी है जहां पर विभिन्न कंपनियां अपने विकास कार्यों से इसे नई उंचाईयों पर लेकर जा रहे हैं। इन्हीं में से एक बालको हमेशा अपने स्थानीय समुदाय के जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहा है। कर्मचारियों की भलाई के साथ-साथ



कंपनी ने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध रहा है।

आज छत्तीसगढ़ में बिजली, कुशल श्रमिक, भरपूर खनिज तथा रॉ मटेरियल बहुतायत में उपलब्ध है जो इसे आधारभूत संरचना, स्टील, एल्यूमिनियम उद्योग आदि में निवेश के लिए सबसे आकर्षक स्थान बनाता है। बालकों ने विनिवेश के बाद दो दशकों में ऐसे रचनात्मक माहौल के प्रोत्साहन की वकालत की है जो अधिक से अधिक रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के सृजन की बात करता है।

संयंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से छत्तीसगढ़ के स्थानीय नागरिक देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, इस दिशा में निरंतर प्रयास किए गए हैं। इसी का परिणाम है कि आज बालकों में कार्यरत कुल मानव श्रम का अधिकांश हिस्सा छत्तीसगढ़ का है। इसी प्रकार 84 फीसदी नियमित कर्मचारी तथा 86 प्रतिशत आउटसोर्सड कर्मचारी छत्तीसगढ़ राज्य से हैं। कंपनी ने 'पंछी परियोजना' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की 86 बेटियों के चयन और उनकी रूचि अनुसार उन्हें उचित शिक्षा दिलाने तथा उच्च औद्योगिक उपक्रम में काम करने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। इस कदम से उन बेटियों को कुछ नया कर दिखाने का हौसला मिलेगा जिनकी प्रगति की उड़ान पूरी तरह से थम चुकी थी। 'पंछी परियोजना' की मदद से ये महिलाएं विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर दुनिया को यह दिखा सकेंगी कि अगर जज्बे को सही प्रेरणा मिल जाए तो आकाश की ऊंचाइयां इनके मजबूत इरादों के पंखों से जीती जा सकती हैं। दिव्यांग और थर्ड जेंडर समुदाय के युवा भी वेदांता समूह की प्रगतिशील परियोजनाओं का हिस्सा बनकर देश की आत्मनिर्भरता में योगदान करने में सक्षम हुए हैं। बालको अपने कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई नीतियां और योजनाएं लागू किया है। इनमें से कुछ नीतियां और योजनाएं हैं- बालको अपने कर्मचारियों के बच्चों के विकास में मदद करने के लिए पेरेंटहुड चाइल्डकेयर पॉलिसी प्रदान करता है। कर्मचारियों को नियमित समय पर वेतन तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए निरंतर पुरस्कार एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया जाता है। कर्मचारियों को उत्कृष्ट श्रेणी की सुविधाओं के साथ रहने एवं खाने के लिए क्वार्टर, हॉस्टल तथा कैंटीन उपलब्ध है। उत्पादकता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और सुरक्षा कार्यक्रमों की व्यवस्था है।

बालको कर्मचारी अपने कर्तव्यों को सुरक्षित और कुशलता से पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं। कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई, सुरक्षा और विकास को प्राथमिकता देकर बालको ने खुद को सफलता के लिए तैयार किया है।

सर्वस्वरूपे सर्वेशे
सर्वशक्ति समन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि
दुर्गे देवि नमोस्तु ते।।

# दिव्य आकाश

कोरबा का प्रथम बहुरंगीय हिन्दी/साप्ताहिक अखबार

सुविचार
कृष्ण ने कहा था
भाग्य से ... संयोग से ...
कुछ नहीं होता
आप अपने कर्मों से
अपना भाग्य खुद
बनाते हैं।

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 27 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024


## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ मानहानि केस में कार्यवाही पर रोक लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने आज अंतरिम आदेश जारी कर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि केस की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। केजरीवाल ने 8 दिसंबर 2018 को एक ट्वीट कर भाजपा पर अग्रवाल समाज के वोट काटने का आरोप लगाया था, जिसके बाद भाजपा नेता राजीव बब्बर ने केजरीवाल और,'आप' नेताओं के खिलाफ मानहानि का केस किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया है और उनसे जवाब मांगा है।

## आतंकवाद का कोई स्थान नहीं, बेंजामिन नेतन्याहू से बात करते हुए बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। पीएम मोदी ने कहा आतंकवाद का हमारी दुनिया में कोई स्थान नहीं है। मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पितृ-भोज खाकर 74 ग्रामीण बीमार



**बालोद, एजेंसी।**

बालोद जिले में पितृ भोज करने के बाद करीब 74 ग्रामीण बीमार हो गए। लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। घटना डौंडी लोहारा ब्लॉक के ग्राम खामभाट की है। गांव में चैन सिंह के घर पितृ भोज का आयोजन किया गया था, जहां 50 परिवार के लोग शामिल हुए थे। भोजन करने के कुछ घंटों बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसमें सबसे ज्यादा बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। गांव में मरीजों की संख्या को देख स्वास्थ्य विभाग ने अस्थाई कैंप लगाया।

**2 की हालत की गंभीर, राजनांदगांव रेफर**

मरीजों में 22 बच्चे शामिल हैं। वहीं 2 लोगों की हालत गंभीर है जिन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी महेश सूर्यवंशी ने बताया कि जब हमें सूचना मिली तो स्वास्थ्य विभाग ने वहां अस्थाई कैंप लगाया। सभी पीड़ितों का प्राथमिकता से इलाज किया गया फिलहाल हालात काबू में हैं। अधिकारी ने बताया कि अभी दो से तीन नए मरीज सामने आए हैं और उनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। जिन्हें रेफर किया गया था।

# शेयर बाजार धड़ाम: बाजार में आई आंधी से निवेशकों के उड़े 3.58 लाख करोड़

**मुंबई, एजेंसी।**

30 सितंबर को विदेशी निवेशकों की ओर से भारी बिकवाली के चलते शेयर बाजार में तगड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स करीब 1270 अंक टूटकर 84,299.78 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 368.10 अंक या 0.41 फीसदी लुढ़ककर 25,810.85 के स्तर पर बंद हुआ। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति आज करीब 3.58 लाख करोड़ रुपए घट गई। भारत के मुकाबले चाइनीज शेयरों के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद से विदेशी निवेशक बिकवाली की है। इसके अलावा मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने भी बाजार के सेंटीमेंट को बिगाड़ा है। मेटल और कमोडिटी को छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। सबसे अधिक गिरावट बैंकिंग, ऑटो और रियल्टी शेयरों में देखने को मिली।

**निवेशकों के 3.58 लाख करोड़ डूबे**

इस गिरावट से निवेशकों के लाखों करोड़ रुपए डूब गए। शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 477.93 लाख करोड़ रुपए था। सोमवार को मार्केट बंद होने पर यह मार्केट कैप 474.35 लाख करोड़ रुपए रह गया। ऐसे में इसमें 3.58 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई।



सेंसेक्स के 5 सबसे ज्यादा चढ़ने वाले शेयर

गिरावट इतनी तेज थी कि बीएसई सेंसेक्स के 30 में से सिर्फ 5 शेयर आज हरे निशान में हुए। इसमें जेएसडब्लू स्टील के शेयरों में 2.82 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद एक्सिस बैंक , महिंद्रा एंड महिंद्रा , आईसीआईसीआई बैंक और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.22 फीसदी से लेकर 1.27 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए।

**सेंसेक्स के 5 सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयर**

वहीं सेंसेक्स के बाकी 25 शेयर आज गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.23 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं एनटीपीसी , टाटा स्टील , टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयरों में 2.12 फीसदी से 3.12 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई।

## भारत का राजकोषीय घाटा 4.35 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त 2024) में भारत का राजकोषीय घाटा 4.35 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कि साल के लिए निर्धारित लक्ष्य का 27 प्रतिशत है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह घाटा वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 36 प्रतिशत था।

**सरकार का लक्ष्य**

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत तक सीमित रखने का अनुमान लगाया है। पिछले वित्त वर्ष में यह 5.6 प्रतिशत था।

**राजस्व और खर्च का विवरण**

आंकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में शुद्ध टैक्स राजस्व 8.7 लाख करोड़ रुपए रहा, जो बजट अनुमान का 33.8 प्रतिशत है। वहीं, सरकार का कुल खर्च 16.5 लाख करोड़ रुपए रहा, जो बजट अनुमान का 34.3 प्रतिशत है।

## गरीबी से जंग हार रहे होनहार छात्र!

## आई आई टी में सिलेक्ट हुआ अतुल, नहीं कर पाया 17500 रुपए फीस का बंदोबस्त

**लखनऊ, एजेंसी।**



दलित समुदाय से आने वाले यूपी के अतुल कुमार JEE क्लियर करने के बावजूद भी IIT में एडमिशन नहीं ले पाए। दरअसल, एडमिशन सिक्योर करने के लिए जो 17,500 रुपए की रकम चाहिए थी, लेकिन उस गरीब परिवार के पास इतने रुपए नहीं थे कि जमा कर के अपनी सीट बुक करा सके। परिवार पैसे इकट्ठा करने लगा था और फीस भरने की डेडलाइन निकल गई।

जिसके बाद दिहाड़ी मजदूर करने वाले अतुल के पिता ने बेटे के एडमिशन के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। तीन महीने तक SC/ST आयोग, झारखंड और मद्रास हाई कोर्ट के चक्कर काटे। जब कोई हल नहीं निकला, तब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई जिसमें सीजेआई चंद्रचूड़ ने आईआईटी धनबाद को आदेश दिया है कि अतुल कुमार को एडमिशन दिया जाए।

**सीजेआई ने आदेश सुनाते हुए कहा**

हम एक युवा प्रतिभाशाली लड़के को ऐसे नहीं जाने दे सकते। उसे अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। वह झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी गया, फिर चेन्नई लीगल सर्विसेज अथॉरिटी और फिर उसे उच्च न्यायालय भेजा गया। वह एक दलित लड़का है जिसे इधर-उधर भटकाया जा रहा है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह निर्णय लिया है। आर्टिकल 142 सुप्रीम कोर्ट को न्याय के हित में आदेश पारित करने की शक्ति देता है।



IIFA 2024 अवॉर्ड सेरेमनी में रेखा ने दी शानदार परफॉर्मेंस, पिंक लहंगा-चोली में 90s वाले लुक से जीता सबका दिल

## 30 गांव के लोग ठगी का शिकार...10 करोड़ फंसाए:छत्तीसगढ़ में ज्यादा रिटर्न के लिए इन्स्टॉल एप, पीएम आवास राशि तक दांव पर लगाई

**बलरामपुर, एजेंसी।**

बलरामपुर जिले में 30 गांवों के लोग ज्यादा रिटर्न की लालच में करोड़ों रुपए की ठगी का शिकार हो गए। यह ठगी ANTOFAGASTA PLC ऐप के माध्यम से की गई है, जिसे इंस्टॉल कर लोगों ने हजार से लेकर लाखों रुपए तक निवेश कर दिए। लाखों-करोड़ों रुपए फंसने के बाद ऐप से पैसे की निकासी बंद कर दी गई। दोबारा ऐप चालू करने के नाम पर 8400 रुपए और मांगे गए। इसके बाद 50 से ज्यादा लोगों ने चलगली थाने में शिकायत दर्ज कराई। बलरामपुर एसपी ने कहा कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**चेन्नई गए युवक से हुई शुरुआत**

इस ऐप में निवेश की शुरुआत मजदूरी करने के लिए चेन्नई जाने वाले एक युवक ने की थी। शुरुआती 600 रुपए के निवेश पर रोज उसके अकाउंट में 12 रुपए आने लगे तो उसने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी।

**प्ले स्टोर में एप नहीं है**

ANTOFAGASTA PLC ऐप गूगल प्ले स्टोर में नहीं है। लोगों ने यह ऐप .APK लिंक से जॉइन किया और बड़ी संख्या में लोगों ने पैसे जमा कराए। गांव के लोगों ने 20 हजार रुपए से सात लाख रुपए तक का निवेश किया है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक और अधिकांश किसान शामिल हैं। शुरू में पैसे कुछ दिनों तक खाते में आए। बाद में बताया गया लाभांश राशि ऐप में ही जमा होगी।

ऐप की ओर से कुछ दिनों बाद तकनीकी खामी बताकर सभी तरह की निकासी बंद कर दी गई। कुछ लोगों ने 8400 रुपए जमा किए, तब भी निकासी नहीं हुई तब लोगों को ठगी का एहसास हुआ। ऐप या कंपनी का कोई एजेंट भी क्षेत्र में नहीं है। लोगों को सीधे ऐप के कस्टमर केयर से मैसेज आते थे।

**पीएम आवास की राशि भी जमा कराई**

गांव के लोगों ने ज्यादा रिटर्न की लालच में पीएम आवास के लिए मिली राशि भी निवेश कर दी। यहां तक की खड़ी फसल भी बेचकर बड़ी रकम ऐप में लगा दी। ऐप बंद होने से लोग परेशान हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने चलगली थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। कुल ठगी 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई गई है। इसी तर्ज पर एमसीबी जिले के चिरमिरी क्षेत्र और कोरबा जिले में भी ठगी हो चुकी है। यहां भी लोगों के करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं। दोनों ही मामलों में तरीका एक जैसा ही है और ऐप डाउनलोड कराकर करोड़ों की ठगी हुई है।

## प्रयास के छात्रों का चक्काजाम बोले-ओपी चौधरी सुनें मांगें

**रायपुर, एजेंसी।**



रायपुर के सड्डू विधानसभा मुख्य मार्ग पर प्रयास हॉस्टल के 10वीं के छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर चक्काजाम कर दिया। छात्रों का आरोप है कि स्कूल में प्रतियोगी परीक्षा से जुड़ी किताबें नहीं हैं। शिकायत करने पर शिक्षक हमें निष्कासित करने की धमकी देते हैं। मंत्री ओपी चौधरी हमारी मांगें सुनें। छात्रों का कहना है कि, अब पढ़ाई पहले की तरह नहीं हो रही है। प्रशिक्षण अधिकारियों को पैसा खिलाकर भगा दिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी मंजुलिक तिवारी सालों साल हॉस्टल के निरीक्षण के लिए नहीं आती। महीनों छुट्टी पर रहती हैं।

## शाह बोले-खड़गे ने अपने नेताओं से ज्यादा घटिया बात कही

**कांग्रेस अध्यक्ष ने जम्मू में कहा- मोदी को पीएम पद से हटाए बिना मरने वाला नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मोदी पर दिए बयान पर निशाना साधा। शाह ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष अपने पार्टी नेताओं से ज्यादा शर्मनाक बयान देते हैं। हमारी प्रार्थना है कि वे अनेक वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें।

दरअसल, कठुआ में एक रैली के दौरान 83 साल के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई थी। बाद में लौटकर उन्होंने कहा था कि जब तक वे मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहेंगे हालांकि, खड़गे ने X पर पोस्ट में शाह पर पलटवार करते हुए लिखा- शाह को मणिपुर के हालात, जनगणना और जाति जनगणना जैसे मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

## हरियाणा में राहुल गांधी बोले-मोदी के भगवान अडाणी

**कुरुक्षेत्र, एजेंसी।**

हरियाणा चुनाव के बीच राहुल गांधी ने हरियाणा विजय संकल्प यात्रा शुरू कर दी है। सोमवार, 30 सितंबर को पहले दिन यह यात्रा नारायणगढ़ से थानेसर तक आई। यहां जनसभा में राहुल गांधी ने कहा- मोदी जी के भगवान अडाणी हैं। वे ऑर्डर देते हैं, मोदी जी ईडी और सीबीआई भेजकर काम करवा देते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा- हमें ऐसा हिंदुस्तान नहीं चाहिए, जहां 25 लाख ऐश करें, हजारों करोड़ की शादी मनाएं और किसान-मजदूर भूखा मरे। मोदी जी नफरत बांट रहे। हिंदू-मुसलमान को बांटने की बात करते हैं। चक्रव्यूह का आकार कमल जैसा है, जिसमें फंसाकर अभिमन्यु को मारा गया।

राहुल ने कहा - अग्निवीर स्कीम अडाणी के हथियार सेना को बेचने के लिए लाई गई। ये स्कीम जवानों की पेंशन चोरी का तरीका है। इस यात्रा में राहुल के साथ बहन प्रियंका गांधी भी रहीं। उन्होंने कहा कि पहलवान सड़क पर बैठे रहे, प्रधानमंत्री जी के पास उनसे मिलने के लिए 5 मिनट का टाइम नहीं था। मोदी सरकार सिर्फ अडाणी-अंबानी की सरकार है। इन्होंने किसानों को आतंकवादी कहा।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

## शोक संदेश



## स्व. श्रीमती पी विजया वाणी जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताश्री श्रीमती पी विजया वाणी जी पति स्व. श्री पी वाय राव का स्वर्गवास दिनांक- 20.09.2024 दिन- शुक्रवार, विक्रम संवत् 2081 को हो गया है। जिनकी तेरहवीं कार्यक्रम निम्नानुसार संपन्न होगा।

**कार्यक्रम**

तेरहवीं (ब्रह्मभोज) 02.10.2024 (बुधवार)
स्थान : हमारा निवास स्थान SF609 सीएसईबी कालोनी कोरबा पूर्व, कलेक्ट्रेट के सामने, शिव मंदिर के पास कोरबा, जिला-कोरबा

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आप की उपस्थिति के लिए सादर अनुनय...

**विनीत**

पी वी सुब्रमण्यम (पुत्र)
मो.: 88394-28126


रयूमीकैप (RHEUMICAP)



रयूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिशूल, गृध्रसी में अचूक औषधि है। रयूमीकैप कुचला, इन्द्रायण, मूल गुग्गुलु, रसौंत, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अश्वगंधा आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रयोग कार्य बाताबाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

गठिया, जोड़ों का दर्द, साइटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, सुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरिया मर्दों व औरतों के गुप्त रोगों के निरोग रोगी इलाज के लिए मिलें।

डॉ. वाय. भारद्वाज

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता



Roop Kanchan

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

### सुविचार

**श्रेष्ठता का आधार ऊंचे आसन पर नहीं, बल्कि ऊंची सोच पर निर्भर करता है...।**

### चिंतन

## शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

भारत में विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री मोदी को कितनों भी गाली दें, लेकिन उनकी नेतृत्व क्षमता ने भारत को वैश्विक पहचान दिला दी। आज भारत पर सबको गर्व होने लगा है, कि हम विश्व की शक्तिशाली देशों में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे हैं। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। विश्व में भारत की विश्वसनीयता भी काफी बढ़ी है।

**संपादक**

छत्तीसगढ़ प्रदेश की उपलब्धि

# देश में सबसे कम बेरोज़गारी दर वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ पांचवे स्थान पर

छत्तीसगढ़ राज्य ने रोजगार सृजन के मामले में देश भर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जारी Periodic Labour Force Survey की रिपोर्ट के अनुसारए छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। राज्य में चल रहे रोजगार सृजन और विकास प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ अब बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ चुका है, जो बेरोजगारी दर के मामले में राज्य की बड़ी सफलता को दर्शाता है।

ग़ौरतलब है कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा पीएलएफएस के लिए नमूना सर्वेक्षण और डेटा संग्रह का कार्य किया जाता है। जो कि भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

**रोजगार सृजन में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण प्रगति**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मेंए छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। सरकार ने हाल ही में पुलिसए स्वास्थ्य, पीएचई (सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) और पंचायत विभागों में 1068 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी है। इन भर्तियों से राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर मिलेंगे, जिससे राज्य की विभिन्न योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने इस बात पर जोर दिया है कि यह पहल राज्य के विकास को गति देने के साथ.साथ युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने खासतौर पर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। सरकार ने स्वरोजगार और कौशल विकास को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, ताकि गांव के युवाओं को अपने ही इलाके में काम करने का अवसर मिल सके और उन्हें महानगरों की ओर पलायन न करना पड़े।

**PLFS रिपोर्ट में अन्य राज्यों की स्थिति**

Periodic Labour Force Survey की रिपोर्ट ने देश भर के विभिन्न राज्यों में बेरोजगारी के आंकड़ों का भी खुलासा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, केरल में बेरोजगारी दर सबसे अधिक रही, जहां 15-29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर 29.9 प्रतिशत दर्ज की गई। केरल में महिलाओं में बेरोजगारी दर 47.1प्रतिशत और पुरुषों में 19.3प्रतिशत रही। इसके अलावा, लक्षद्वीप में बेरोजगारी दर सबसे अधिक 36.2प्रतिशत दर्ज की गई, जिसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में यह दर 33.6प्रतिशत रही।

इसके विपरीत, छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य सरकार की रोजगार सृजन नीतियों की सफलता का प्रतीक है। जसं.

### छत्तीसगढ़ का विकास और प्रधानमंत्री मोदी का विजन

छत्तीसगढ़ राज्य, जो कि पहले से ही अपने प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, अब रोजगार सृजन और विकास के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी साकार कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के जरिए सरकार ने राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार देश के हर कोने में विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है, छत्तीसगढ़ सरकार उसी दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दिशा में प्रदेश के प्रत्येक गांव में रोजगार सृजन की योजनाओं का विस्तार करने का संकल्प लिया है, ताकि राज्य का हर युवा आत्मनिर्भर बन सके और राज्य का विकास तेज़ी से हो सके।

### शिक्षा और कौशल विकास पर जोर

छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास को रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में माना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास करें, जिससे वे नए उद्योगों में काम करने के लिए तैयार हो सकें। राज्य में कई कौशल विकास केंद्र खोले गए हैं, जहां युवाओं को आधुनिक तकनीकों और कौशलों की शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठा सकें।

# वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को आगे बढ़ाने और मानव पशु संघर्ष के प्रभावी प्रबंधन में हाथी राहत और पुनर्वास केंद्र रामकोला की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा मानव हाथी द्वंद को रोकने लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरगुजा से ''हमर हाथी हमर गोठ'' रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण कर हाथियों के विचरण की जानकारी स्थानीय लोगों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा स्थानीयजनों को अपनी ओर हाथियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने गज यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ''गज संकेत एवं सजग एप'' के माध्यम से भी हाथी विचरण की जानकारी दी जा रही है।



तमोर पिंगला अभयारण्य के पास स्थित घुई वन रेंज के हाथी राहत और पुनर्वास केंद्र रामकोला वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ वन विभाग की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए), नई दिल्ली से सैद्धांतिक सहमती के साथ 2018 में यह केन्द्र आधिकारिक तौर पर स्थापित किया गया। यह 4.8 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है जो हाथियों की विशेष देखभाल और प्रबंधन के लिए समर्पित है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र हाथी राहत और पुनर्वास केंद्र है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में हाथी के संवर्धन के लिए यहां के वन अनुकूल है। राज्य का 44 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छदित है, जिसमें हाथियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वातावरण उपयुक्त है। यहां के अनुकूल वातावरण के कारण हाथियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। राज्य में वनों के संवर्धन के लिए ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है तथा विभाग द्वारा 3 करोड़ 80 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं को भी इस अभियान से जोड़ा गया है।

हाथी राहत और पुनर्वास केंद्र रामकोला का संचालन एलिफेंट रिज़र्व सरगुजा के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में इस केंद्र में तीन गज शावकों को मिला कर कुल 9 हाथी निवासरत हैं। वर्ष 2018 में, मानव-हाथी संघर्ष की समस्या को देखते हुए महासमुंद वन मंडल के पासीद रेंज में एक अस्थायी कैंप में कर्नाटक से पांच कुमकी हाथियों को लाया गया था। एक साल बाद, इन हाथियों को रामकोला स्थित हाथी राहत एवं पुनर्वास केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ उनकी विशेष देखभाल एलिफेंट रिजर्व सरगुजा के उप निदेशक श्रीनिवास टी एवम सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अजीत पाण्डेय द्वारा की जा रही है। कर्नाटक के दुबारे हाथी कैंप में प्रशिक्षित कुशल महावत यह सुनिश्चित करते हैं कि हाथियों की बेहतर देखभाल हो सके।

छत्तीसगढ़ वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने कहा कि वन विभाग जंगली हाथियों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। हाथी राहत एवं पुनर्वास केंद्र इन प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विशेष रणनीतियों का उपयोग करके स्थानीय समुदायों और वन्यजीवों के बीच सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित करता है।

इस केंद्र में हाथियों में प्रमुख हैं कुमकी नर तीर्थराम, दुर्योधन और परशुराम, साथ ही मादा गंगा और योगलक्ष्मी, जिन्होंने हाल ही में क्रमशः एक नर और मादा बच्चे को जन्म दिया है। इसके अतिरिक्त यह केंद्र जशपुर वन प्रभाग से बचाए गए मादा बच्चे जगदंबा की देखभाल भी करता है।

वर्ष 2018 में अपनी स्थापना के बाद से यह हाथी राहत और पुनर्वास केन्द्र राज्य में बाघों, तेंदुओं और जंगली हाथियों सहित वन्यजीवों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केन्द्र के प्रशिक्षित कुमकी हाथी मानव-वन्यजीवन संघर्षों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं, जिससे स्थानीय समुदायों की जान माल की हानि में कमी आयी है। कुमकी हाथियों के प्रयासों में आक्रामक जंगली हाथियों को जंगल में वापस खदेड़ना एवं वन विभाग और भारतीय वन्यजीव संस्थान के सहयोग से जंगली हाथियों में रेडियो-कॉलर लगाने में सहायता करना शामिल है।

कुमकी हाथियों की प्रभावशीलता को कई महत्वपूर्ण बचाव अभियानों के माध्यम से साबित किया जा चुका है। कोरबा वन मंडल से गणेश और प्रथम जैसे जंगली हाथियों के अलावा सरगुजा वन मंडल से प्यारे, महान, मैत्री, कर्मा, मोहनी, गौतमी और बेहरादेव जैसे अन्य हाथियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया गया है। इसके साथ ही, मनेंद्रगढ़ वन प्रभाग के जनकपुर रेंज से एक तेंदुए और सूरजपुर वन प्रभाग के ओढगी रेंज से एक गंभीर रूप से घायल बाघिन को भी रेस्क्यू करने में इन हाथियों ने अहम भूमिका निभाई। रेस्क्यू के बाद, बाघिन को रायपुर के जंगल सफारी में चिकित्सा उपचार हेतु और पुनर्वास के लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व भेजा गया, जहां अब वह स्वस्थ होकर अनुकूलित हो चुकी है।


केंद्र में हाथियों की देखभाल और आवास प्रबंधन उच्चतम पशु चिकित्सा मानकों के अनुसार किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हाथियों की देखभाल उच्च मानकों के अनुसार की जा रही है। सभी हाथियों का नियमित रूप से टीकाकरण, परजीवी-रोधी उपचार और विशेष पोषण आहार दिया जा रहा है, ताकि उन्हें एक सुरक्षित और रोग-मुक्त वातावरण में रखा जा सके। महावतों, चारा काटने वालों और पशु चिकित्सकों द्वारा की जाने वाली नियमित देखभाल, साथ ही उनकी दैनिक रूप से जंगल की सैर, यह सुनिश्चित करती है कि हाथी स्वस्थ रहें और अपने प्राकृतिक व्यवहार को बनाए रखें।

इस हाथी कैंप में सोनू नाम का जंगली हाथी भी निवासरत है, जिसे अचानकमार टाइगर रिजर्व से पकड़कर सिहावल सागर हाथी शिविर में भेजा गया था। कुछ समय वहां बिताने के बाद, सोनू को इस केंद्र में लाया गया, जहां उसकी नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है और विशेष पोषण दिया जाता है। साथ साथ उसे विशेष देखभाल मिल रही है, जिससे वह अपने नए वातावरण के साथ अच्छी तरह से ढल गया है।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) प्रेम कुमार- आईएफएस एवं वन संरक्षक एलिफेंट रिज़र्व सरगुजा के.आर. बढ़ई- आईएफएस ने बताया कि इस केंद्र में हाथियों की सर्वोत्तम देखभाल सुनिश्चित की जा रही है, साथ ही नियमों के अनुसार सुविधाओं में और सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जसं.।

## शुभ योग में शारदीय नवरात्रि, इस विधि से करें माता रानी की पूजा

शारदीय नवरात्रि हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसकी शुरुआत आश्विन माह में होती हैं। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती हैं, जिनमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री माता का नाम शामिल है। इस अवधि में व्रत रखने का भी विधान है, जिससे देवी की कृपा प्राप्त होती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि का उपवास रखने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही मनोवांछित फलों का योग बनता है।



भारत में नवरात्रि के पर्व को अलग-अलग मान्यताओं के साथ मनाया जाता है। हालांकि दिल्ली, कोलकाता और अहमदाबाद में इसकी अलग रौनक देखने को मिलती है। यहां जगह-जगह गरबा, डांडिया व रामलीला जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी किए जाते है, जिसकी शुरुआत नवरात्रि के पहले दिन होती है। इस बार 3 अक्तूबर 2024 से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है, जो 11 अक्तूबर को समाप्त होंगे। इस दौरान दुर्गा विसर्जन 12 अक्तूबर को होगा। इस तिथि पर कलश स्थापना का मुहूर्त- प्रातः 6 बजकर 15 मिनट से प्रातः 7.22 मिनट तक रहेगा। वहीं पूजा के लिए भी कई शुभ योग बन रहे हैं, जिनमें ऐन्द्र योग का नाम मुख्य रूप से शामिल है। ऐसे में आइए पूजा विधि के बारे में जान लेते हैं।

**नवरात्रि पूजा विधि**

शारदीय नवरात्रि के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर लेना चाहिए। इसके बाद स्वच्छ वस्त्रों को धारण करें।

इस दौरान पूजा के लिए सबसे पहले माता रानी की चौकी लगाएं और उसपर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं।

फिर वहां स्वास्तिक का चिह्न बनाएं।

अब रोली और अक्षत से टीका करें और फिर वहां माता की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें।

देवी माता के दरबार में धूप-दीपक जलाएं, और फूल माता अर्पित करें।

इसके बाद सभी सोलह श्रृंगार का सामान चढ़ाते जाएं।

फिर दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

अंत में माता की आरती करते हुए गलतियों की माफी मांगे।

**शारदीय नवरात्रि 2024 तिथि**

पहला दिन- मां शैलपुत्री - 3 अक्टूबर 2024

दूसरा दिन- मां ब्रह्मचारिणी की पूजा - 4 अक्टूबर 2024

तीसरा दिन- मां चंद्रघंटा की पूजा - 5 अक्टूबर 2024

चौथा दिन- मां कूष्मांडा की पूजा - 6 अक्टूबर 2024

पांचवां दिन- मां स्कंदमाता की पूजा - 7 अक्टूबर 2024

छठा दिन- मां कात्यायनी की पूजा - 8 अक्टूबर 2024

सातवां दिन- मां कालरात्रि की पूजा - 9 अक्टूबर 2024

आठवां दिन- मां सिद्धिदात्री की पूजा - 10 अक्टूबर 2024

नौवां दिन- मां महागौरी की पूजा - 11 अक्टूबर 2024

विजयदशमी - 12 अक्टूबर 2024, दुर्गा विसर्जन

एजेंसी।

## नवरात्रि में ही क्यों खेला जाता है गरबा-डांडिया का खेल जानिए शास्त्रों में कहां मिलता है इसका वर्णन

शारदीय नवरात्रि के पर्व में पूरा देश मां दुर्गा की पूजा और जयकारों से गूंज उठता है। लेकिन गुजरात में इसे मनाने का सबसे अलग अंदाज है।

नवरात्रि महोत्सव आते ही हर किसी का उत्साह डांडिया और गरबा खेलने के लिए देखा जाता है। इस त्यौहार में लोग एक साथ इकट्ठा होकर डांडिया और गरबा खेलते हैं। नवरात्रि उत्सव पर डांडिया और गरबा का आयोजन हर जगह करवाया जाता है।



गुजरात और महाराष्ट्र में इसका खास महत्व है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर नवरात्रि में डांडिया या गरबा क्यों खेला जाता है? यह किसी और पर्व में क्यों नहीं खेला जाता।

**नवरात्रि में गरबा और डांडिया क्यों खेलते हैं?**

गरबा और डांडिया इन दो खेलों का इतिहास गुजरात से जुड़ा हुआ है। यहां से ही इसकी उत्पती हुई थी। ये नृत्य केवल नवरात्रि के दौरान ही किए जाते हैं, क्योंकि ये नृत्य देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच नौ दिवसीय युद्ध को दर्शाने और विजय का प्रतीक माना जाता है, इसमें देवी दुर्गा विजयी हुई थी।

**गरबा नृत्य**-परंपरागत रूप से, गरबा एक मिट्टी का बर्तन होता है, जिसके अंदर एक दीपक होता है, जिसे गुजरात में गरबी कहा जाता है। गरबा नृत्य इन मिट्टी के बर्तनों के आसपास किया जाता है, जिन्हें गर्भ दीप कहा जाता है।

इस खेल का मतलब होता है कि पुरुष और महिलाएं देवी दुर्गा और राक्षस राजा महिषासुर की तरह लड़ाई कर रहे हैं। गरबा पोशाक में 3 भाग होते हैं। महिलाएं चोली या ब्लाउज, चन्या या लंबी स्कर्ट और चमकदार दुपट्टा पहनती हैं और पुरुष कडू के साथ पगड़ी पहनते हैं। इसे करने का एक तरीका होता है, जिसमें ताल से ताल मिलाने के लिए महिलाएं और पुरुषों का दो या फिर चार का समूह बनाकर नृत्य करते हैं।

**डांडिया नृत्य**-इसमें पुरुष और महिलाएं दोनों रंगीन और सजावटी बांस की छड़ियों के साथ ढोलक और तबला जैसे वाद्ययंत्रों पर नृत्य करते हैं। इसे देवी-देवताओं और राक्षसों के बीच युद्ध को प्रस्तुत करने का एक सुंदर तरीका माना जाता है। डांडिया के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले रंग-बिरंगे शेड्स देवी दुर्गा की तलवार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**क्यों मनाया जाता है पर्व ?**-माना जाता है कि वर्षों पहले गुजरात में लोग महिषासुर राक्षस के आतंक से काफी ज्यादा परेशान थे, तब लोगों की परेशानी देखकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने माता से मदद की गुहार लगाई। देवी जगदंबा प्रकट हुईं और उन्होंने राक्षस का वध किया। जिसके बाद से हर साल नवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा और लोग जश्न के रूप में नौ दिनों का उपवास करते हैं और माता को प्रसन्न करने के लिए गरबा डांडिया खेलते हैं।

# सेंसेक्स 900 अंक से ज्यादा गिरा, निफ्टी 26,000 के नीचे आया

**मुंबई ( एजेंसी )।**

महीने के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 30 सितंबर को सेंसेक्स 940 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 84,622 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 269 अंक की गिरावट है, ये 25,909 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में गिरावट और 15 में तेजी है। NSE के रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट है।

**एशियाई बाजार में आज मिलाजुला कारोबार**

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 4.64त्न की गिरावट और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 2.23% की तेजी है। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 5.18% बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। 27 सितंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.33% चढ़कर 42,313 पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.39% गिरकर 18,119 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.13% गिरकर 5,738 पर बंद हुआ।



NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 27 सितंबर को 1,209.10 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 6,886.65 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

**शुक्रवार को बाजार ऑलटाइम हाई बनाकर गिरा था**

इससे पहले शुक्रवार यानी 27 सितंबर को शेयर बाजार ने लगातार 8वे दिन ऑल टाइम हाई बनाया था। सेंसेक्स ने 85,978 और निफ्टी ने 26,277 का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 264 अंक की गिरावट के साथ 85,571 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 37 अंक की गिरावट रही, ये 26,178 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में तेजी और 20 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। हस्श्व के मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.55% की गिरावट थी। जबकि, ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा 2.37% की तेजी थी।

## तुर्किये : खुद से शादी करने वाली टिकटॉक स्टार कुबरा अयकुट की मौत; पांचवी मंजिल से गिरीं, सुसाइड नोट भी बरामद



**अंकारा ( एजेंसी )।**

तुर्किये की टिकटॉक इनफ्लुएंसर कुबरा अयकुट की महज 26 साल की उम्र में मौत हो गई। कुबरा अपने वेडिंग विदाउट ए ग्रूम (खुद से शादी करने) वाले वीडियो के लिए बहुत मशहूर हुई थीं। तुर्किये की मीडिया के अनुसार, टिकटॉक इनफ्लुएंसर की मौत सोमवार को इस्तांबुल के सुल्तानबेली जिले में एक लक्जरी अपार्टमेंट इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरने से हुई। स्थानीय अधिकारियों को उनके शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

फैंस ने बताया कि मृत्यु से पहले सोशल मीडिया पर अयकुट ने चिंताजनक पोस्ट डाला था। मृत्यु से ठीक पहले उन्होंने अपने वजन बढ़ने के अनुभव के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक दुख भरा संदेश लिखा था। उन्होंने कहा, मैंने अपनी ऊर्जा जमा कर ली है, लेकिन मेरा वजन नहीं बढ़ रहा है। रोजाना कुछ किलोग्राम से वजन घट रहा है। मुझे नहीं मालूम क्या करूं? मुझे तत्काल वजन बढ़ाने की जरूरत है।

विशेष रूप से 2023 में उन्होंने अपनी अपरंपरागत वेडिंग विदाउट ए ग्रूम सीरिज से पहचान हासिल की थी। उन्होंने सुंदर सफेद रंग का गाउन और माथे पर टियारा पहनकर खुद से ही शादी की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था, मुझे अपने लिए कोई योग्य वर नहीं मिल रहा है। एक अन्य वीडियो क्लिप में उन्हें शादी की पोशाक में बर्गर का आनंद लेते हुए भी देखा गया था।

अयकुट की मौत की खबर से सोशल मीडिया पर शोक की लहर दौड़ गई। उनके फॉलोअर्स हैरान रह गए। कई फैंन और फॉलोअर्स ने उनकी मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए विभिन्न फ्लेटफॉर्म का सहारा लिया। उन्होंने अयकुट को एक खूबसूरत दिल वाली परी कहकर पुकारा।


तुर्किये के अधिकारियों ने अयकुट के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अयकुट के गृहनगर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान कई टिकटॉकर और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के शामिल होने की संभावना है।



पति जहीर का हाथ थाम सोनाक्षी ने रिएलिटी शो के सेट पर मारी एंट्री,मांग में सिंदूर सजाए प्यारी लगीं Mrs. इकबाल
बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा शादी के बाद से ही लगातार सुर्खियों में हैं।

## इंडियन सिनेमा में योगदान के लिए मिथुन चक्रवर्ती को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**मुंबई ( एजेंसी )।**



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 08 अक्टूबर 2024 को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान प्रेजेंट किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये ऐलान किया है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर लिखा- मिथुन दा की सिनेमाई जर्नी ने हर जेनरेशन को इंस्पायर किया है। मैं ये ऐलान करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि दादा साहेब फाल्के सेलेक्शन जूरी ने मिथुन चक्रवर्ती को इंडियन सिनेमा में उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता को बधाई देते हुए अपने पोस्ट में लिखा- ''प्रसन्नता है कि मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वह एक सांस्कृतिक आदर्श हैं और उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए उन्हें पीढ़ियों से सराहा जाता है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

मृगया, 'सुरक्षा और 'डिस्को डांसर जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म .मृगया ..बतौर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के सिने करियर की पहली फिल्म थी। फिल्म में उन्होंने एक ऐसे संथाली युवक .मृगया ..की भूमिका निभाई जो अंग्रेजी हूकुमत द्वारा अपनी पत्नी के यौन शोषण के विरूद्ध आवाज उठाता है ।

फिल्म में उन्हें दमदार अभिनय के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मिथुन चक्रवर्ती को को कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपने सिने करियर में 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। मिथुन चक्रवर्ती आज भी जोशो-खरोश के साथ फिल्मों में काम कर रहे हैं।

## 02 अक्टूबर को गांधी मैदान रायपुर में कांग्रेस की विशाल आमसभा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने बीजेपी सरकार के अराजकता, लचर कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध व महिला सुरक्षा में असफल बीजेपी सरकार के खिलाफ छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा शुरुआत 27 सितंबर से संतशिरोमणि बाबा गुरूघासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी धाम से शुरू किया था। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान के साथ जिले के कांग्रेस पदाधिकारी अपनी सहभागिता निभा रहे है। यह न्याय यात्रा निरंतर 6 दिनों तक लगभग 126 कि.मी. की पदयात्रा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2024 को दोपहर 01 बजे राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में विशाल आमसभा के रूप में सम्पन्न होगा। उक्त आमसभा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, छ.ग. प्रभारी सचिन पायलट, छ.ग. सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग, छ.ग. सह प्रभारी विजय जांगिड, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के जिला अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशी सहित जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, इंटक, ब्लॉक, जोन, सेक्टर, बुथ कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों सहित मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने 02 अक्टूबर को गांधी मैदान रायपुर में दोपहर 01 बजे उपस्थित होने आग्रह किया है।

## विदेशी निवेशकों का भारत पर बढ़ा भरोसा, भारतीय शेयर बाजार में हुआ FPI का रिकॉर्ड तोड़ निवेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जिसमें कुल शुद्ध निवेश 23,659.55 करोड़ रुपए रहा। यह जानकारी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड द्वारा जारी आंकड़ों से मिली है। आंकड़ों के अनुसार, इस हफ्ते की शुरुआत में सोमवार को सबसे ज्यादा निवेश हुआ, जब स्नक्क्ल्ल ने भारतीय शेयरों में 15,181 करोड़ रुपए का निवेश किया। यह प्रवाह पूरे हफ्ते जारी रहा, जिसमें शुक्रवार को एफपीआई ने 8,537 करोड़ रुपये का निवेश किया, जिससे पूरे हफ्ते का कुल निवेश 23,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया।




इस बड़े निवेश ने सितंबर महीने का कुल एफपीआई निवेश 57,359 करोड़ रुपए तक पहुंचा दिया है, जो इस साल अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्त महीने में भारतीय इक्विटी बाजार में शुद्ध विदेशी निवेश 7,322 करोड़ रुपये तक गिर गया था, जो पिछले तीन महीनों का सबसे कम मासिक निवेश था। यह गिरावट जुलाई की तुलना में विशेष रूप से अधिक थी, जब एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 32,359 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जैसा कि हस्ष्ठरु के आंकड़ों से पता चलता है।

**विशेषज्ञ की राय -**

Geojit Financial Services के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वी. के. विजयकुमार ने कहा, सितंबर में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने कुल 57,359 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसमें एक्सचेंजों के माध्यम से किया गया निवेश 46,480 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। 2024 में अब तक एफआईआई का कुल निवेश 1,00,245 करोड़ रुपए हो चुका है, जिससे इस साल भारतीय रुपये की स्थिरता में योगदान मिला है।

**अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का असर-** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कमी करने के बाद भारतीय बाजारों में तरलता (द्यद्बह्नह्वद्बस्रद्बह्ल4) बढ़ी है। विदेशी निवेशकों का लगातार भारतीय बाजारों में निवेश करना इस बात का संकेत है कि भारत की आर्थिक वृद्धि और अनुकूल बाजार परिस्थितियों में उनका विश्वास बढ़ा है। इस हफ्ते घरेलू संस्थागत निवेशकों (ष्ठढ्ढढ्ढ) ने भी भारतीय शेयरों में 15,961.71 करोड़ रुपये का निवेश किया। इससे भारतीय शेयर सूचकांक (द्बठ्ठस्रद्बष्द्गह्य) नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। यह रिकॉर्ड तोड़ निवेश भारतीय शेयर बाजार को और मजबूती देने की उम्मीद है, जिससे आने वाले महीनों में बाजार में स्थिर वृद्धि देखी जा सकती है।

## उद्योग मंत्री देवांगन ने कोरबा के 6 वार्डों में 41.42 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की रखी नींव

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

विष्णु देव की सरकार में नगरीय क्षेत्रों में अनेक विकास कार्य कराये जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए राशि की कमी आड़े नहीं आएगी। इस आशय के उदगार प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज सोमवार कोरबा नगर निगम क्षेत्र के दर्री जोन के 6 वार्डों में 41.42 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का आधारशिला रखते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सभी वार्ड पार्षद और आम जनमानस के सभी विकास कार्यों का विधिवत पूजन अर्चना कर भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एक ही प्रयास है कि हर वार्ड में रुके जितने कार्य हैं, उनको जल्द से जल्द प्रारंभ किए जाएं इसके लिए हर वार्ड के कार्यों को शामिल किया गया है, और साथ ही एक साथ कार्य शुरू भी कराएं जा रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान वार्डों में दौरे के दौरान जनता ने जिन भी प्रमुख कार्यों की मांग की। उन सभी को स्वीकृत करा लिया गया है। सड़क, नाली, बिजली और स्ट्रीट लाइट के कार्य से वंचित वार्डों के होने से लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिल जाएगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विकास कार्य बिना भेदभाव के कराएं जा रहे हैं।



**इन विकास कार्यों की रखी नींव**

वार्ड क्रमांक 43 जय भगवान गली में नाली मरम्मत कार्य, श्याम नगर में सामुदायिक भवन के पास सिंटेक्स की व्यवस्था एवम श्याम नगर में दुर्गा पंडाल के पास सिंटेक्स की व्यवस्था लागत 5 लाख, वॉर्ड क्रमांक 44 के केतू आवास परिसर बीएमएम ऑफिस के सामने बाउंड्रीवॉल, शेड निर्माण लागत 5 लाख, वार्ड क्रमांक 46 अयोध्यापुरी पूर्व माध्यमिक शाला छत और फर्श मरम्मत व बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 49 शक्ति नगर पुष्पपल्लव लाटा में सांस्कृतिक भवन के पास सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 51 ग्राम लाटा सामुदायिक भवन के पास सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 55 बलगी में निर्मल डेयरी के पास आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 55 अंतर्गत बल्गीखार में पनिका समाज के साथ समीप मुक्तिधाम में चबूतरा शेड का निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 51 लाटा में देवस्थल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का मंत्री श्री देवांगन ने भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, कविता नारायण राजपूत, ममता साहू, बुधवार यादव, गोलू पांडे, रोपा तिर्की, मस्तुल कंवर, सीएस दुबे, गोरलाल शर्मा, लल्लन सिंह, संजय कुर्मवंशी, मनोज लहरे, मनोज अग्रवाल, मुकुंद सिंह कंवर, अनिल यादव, वैभव शर्मा समेत अधिक संख्या में वॉर्ड वासी उपस्थित रहे।

**बालको नगर और सर्वमंगला जोन में 68.69 लाख के होंगे विभिन्न विकास कार्य**

कोरबा के विधायक और कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन मंगलवार एक अक्टूबर को कोरबा जिले के बालको नगर और सर्वमंगला जोन में कुल 68.69 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। श्री देवांगन अपरान्ह 3.30 बजे सर्वमंगला नगर के प्रशांति वृद्धा आश्रम में नवदृष्टि समाज सेवी संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री देवांगन बालको नगर में आयोजित जोन के वार्ड क्रमांक 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 और वार्ड 42 में कुल 9 विकास कार्य लागत 45.15 लाख व सर्वमंगला जोन के प्रशांति वृद्धा आश्रम में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में वॉर्ड क्रमांक 54, वार्ड क्रमांक 56, 57, 58, 59 में कुल 5 विकास कार्य लागत 23.54 लाख के कार्यों की आधारशिला रखेंगे।

## कटघोरा विधायक पटेल मिले गडकरी से: सड़कों के लिए मांगी राशि



**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने कोरबा की सड़कों को लेकर चर्चा के साथ जिले के अन्य विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भेंट-मुलाक़ात के बाद बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कोरबा की सड़कों के लिए गंभीर हैं, उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा हैं कि जिले की समस्या से जल्द ही कोरबा की जनता को मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल, दुष्यंत शर्मा सहित अनुराग अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर उनका अभिवादन किया।

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने आगे कहा कि यह मुलाकात कोरबा जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इससे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा। इस भेंट-मुलाकात से उम्मीद जताई जा रही हैं कि कोरबा जिले में विकास के रास्ते खुलेंगे, साथ ही उनकी सड़कों की समस्या दूर होगी।

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल विधानसभा क्षेत्र की सड़क समस्या को लेकर शुरू से अपनी आवाज़ उठाते रहे हैं। विधायक श्री पटेल के इस मुलाकात से निश्चित तौर पर कोरबा जिले में सड़क समस्या को लेकर एक बड़ा कदम केंद्र सरकार उठाएगी और जिले के साथ साथ कटघोरा विधानसभा की जर्जर सड़कों से लोगों को निजात मिलेगी।

## हाथियों की दहशत:फसल बचाने गया पैर टूटा,खेतों को रौंदा, मकान तोड़े

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जंगली हाथियों की दहशत बढ़ती जा रही है। अब कोरबा और रायगढ़ जिले में हाथियों ने आतंक मचाया है। कटघोरा वन मंडल में एक किसान फसल बचाने के चक्कर में अपना पैर गंवा बैठा। रायगढ़ के धरमजयगढ़ वन मंडल में भी हाथी फसलों को चौपट कर रहे हैं। रायगढ़ जिले में 120 हाथियों का दल घूम रहा है। इन दलों में शावक भी शामिल हैं। जिले में 3 दिन में ही 173 खेतों में लगी फसल हाथी रौंदकर बर्बाद कर चुके हैं। हाथियों ने 2 मकानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इधर कोरबा के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्रामीण भी इसी बात को लेकर परेशान हैं।

### नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली त्यौहार शांति पूर्ण मनाने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

## पंडालों में कैमरा लगाएं: तेज आवाज में ध्वनि विस्तार यंत्र एवं सार्वजनिक स्थानों पर डी.जे. एवं धुमाल बजाना प्रतिबंधित

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में आगामी नवरात्र विजयादशमी (दशहरा) एवं दीपावली त्यौहार के संबंध में दुर्गा माता की स्थापना करने वाली समितियों, गरबा आयोजक एवं समस्त डीजे एवं धुमाल संचालकों की बैठक ली गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार नाग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.एस.बी.चौहान, नेहा वर्मा की उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया है कि अनाधिकृत एवं असामाजिक तत्वों से बचाव हेतु यथा संभव पण्डाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों को पण्डाल का निर्माण में विशेष ध्यान रखने एवं सार्वजनिक स्थल रोड को घेरकर नहीं बनाने के लिए कहा गया। डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग शासन एवं न्यायालय की गाईड लाईन अनुसार करने की बात कही गई। साथ ही रात्रि 10 के बजे के पश्चात् ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किया जायेगा। इसके साथ ही डांडिया एवं गरवा नृत्य के दौरान धार्मिक भक्ति गीत ही बजाये जाने की बात कही गई।

बैठक में आयोजन समिति को बताया गया कि मूर्ति विसर्जन की अनुमति सिर्फ दशहरा एवं दशहरा के अगले दिवस तक होगी। रास गरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले अथवा कपल को ही एंट्री दिया जाए। जिससे किसी प्रकार के विवाद जैसी स्थिति निर्मित न हो। साथ ही आयोजन स्थल में पर्याप्त वालिंटियर्स की व्यवस्था होनी चाहिए। रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा पंडालों में केवल धार्मिक गानों को ही चलाए जाने का सुझाव आयोजक एवं समितियों को दिया गया। मूर्ति आगमन, स्थापना तथा विसर्जन के दौरान न्यायालय शासन के निर्देशों का पालन किया जाए। आयोजन स्थल में विद्युत विभाग से अस्थाई विद्युत कनेक्शन लिये जाने हेतु समिति को निर्देशित किया गया। नवरात्रि त्यौहार के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में दिये जाने की अपील की गई। प्रशासन द्वारा नवरात्रि सहित अन्य त्यौहारों को शांति पूर्वक एवं सर्व समाज को एक साथ मिलकर मनाए जाने का आग्रह किया गया। बैठक में एसडीएम सरोज महिलांगे, अपर आयुक्त नगर निगम विनय मिश्रा,स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित हुए।

## जल जीवन मिशन: घर - घर जल पहुंचने से मांगामार ग्रामवासी हुए खुश

**कोरबा /पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले के सुदूरवर्ती ग्राम मांगामार जो जिला मुख्यालय से लगभग 53 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, इस ग्राम की आबादी लगभग 2519 है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में राशि रू. 145.34 लाख की रेट्रोफिटिंग योजना जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कोरबा द्वारा स्वीकृत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत ग्राम में 40 कि.ली. 15 मीटर उंचाई की 01 उच्चस्तरीय पानी टंकी, 3700 मीटर पाईप लाईन तथा 522 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किये गये है। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल पहुंचने से ग्राम में खुशी का माहौल व्याप्त है।

ग्राम की महिला हितग्राही श्रीमती समारिन बाई खाण्डेल ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि पेयजल के लिये हैण्डपंप तथा कुएं एवं अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में भू-जलस्तर कम होने से पानी की समस्या और भी विकराल हो जाती थी । जल जीवन मिशन के आने से अब यह समस्या लगभग दूर हो गई है योजना का सफल क्रियान्वयन में ग्राम सरपंच तथा ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही है। हर घर में नल कनेक्शन पहुंचने एवं सूचारू रूप से नल से जल उपलब्ध होने से ग्राम पंचायत मांगामार में जल संकट से ग्रामवासियों को निजात मिल गया है साथ ही पेयजल हेतु हैण्डपंप पर निर्भरता लगभग खत्म हो गई है। अब बारहों महीने ग्रामीणों को घर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी, योजना का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात 28 सितंबर को ग्राम पंचायत में विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की सरपंच श्रीमती विमल देवी राज, सचिव पंचराम कोराम, पंचगण एवं ग्रामीणजन छत्रपाल सिंह, कार्तिक दास, अमेन्द्र लाल, राजकुमार, रत्नी बाई, रमला बाई, मिथिला बाई, रोजगार सहायक कृष्ण कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से उपअभियंता दुर्गेश्वरी मिश्रा, जिला समन्वयक राबिन एक्का, गोविंद निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी की उपस्थिति में हर घर जल उत्सव मनाया गया साथ ही योजना का हस्तांतरण ग्राम पंचायत को किया गया।

## कलेक्टर ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों की ली बैठक

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** मुख्यमंत्री (विभागीय मंत्री) के निर्देशानुसार विगत दिवस कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उच्च शिक्षा से संबंधित आधारभूत संरचना एवं गुणात्मक विकास के संबंध में आयोजित की गई। सभी महाविद्यालयों ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। महाविद्यालयों में मुख्य समस्या अतिरिक्त शिक्षण कक्ष की आवश्यकता, तकनीकी ज्ञान एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्मार्ट क्लास, छात्रों हेतु साइकल स्टैंड, बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर, विज्ञान के प्रायोगिक कार्य हेतु अधोसंरचना, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम की पुस्तकें, पेय जल हेतु आरओ युक्त मशीन आदि समस्याएँ प्रमुख थीं। कलेक्टर ने धैर्य से सभी महाविद्यालयों की समस्या सुनी एवं उनके त्वरित निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उक्त बैठक में अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. साधना खरे, डॉ. राजेन्द्र सिंह, डॉ. शिखा शर्मा, डा. मदनमोहन जोशी, डॉ. चन्द्रभूषण शर्मा, डॉ. जे एल चौहान, डा. डेजी कुजूर, डा. मनहरण अनंत, आसमा सिंह, एवं राघवेन्द्र देवांगन उपस्थित रहे।

## जनदर्शन: बाल्को में अनुकम्पा नियुक्ति का निराकरण शीघ्र करें -कलेक्टर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

अजीत वसंत ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में ट्राईसायकल प्रदान करने, पेंशन, मुआवजा, अनुकम्पा नियुक्ति, स्वास्थ्य उपचार, अतिक्रमण हटाने, वनाधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास की मांग, भूमि संबंधी विवाद का निराकरण सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया और जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में कोहड़िया के दिव्यांग चिन्मयानंद चन्द्रा द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाइकल की मांग एवं पेंशन दिलाने सम्बंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने जनदर्शन में दिव्यांगों द्वारा ट्राइसाइकल एवं पेंशन संबंधित दिए जा रहे सभी आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार पात्र हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल/ट्राइसाइकल/व्हील चेयर/ब्लाइंड स्टिक/श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरण कराने के निर्देश उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिए। साथ ही पेंशन के लिए पात्र लोगों को भी पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांगों जिन्हें कुछ माह पूर्व ही बैटरी चलित ट्राइसाइकल प्रदान की गई है एवं जिसे सुधार की आवश्यकता है उनका शीघ्रता से रिपेयरिंग कराकर दिव्यांग जनों को राहत पहुँचाया जाए।

इसी तरह नेहरू नगर बाल्को के रहने वाली किरण निर्मलकर द्वारा बाल्को कंपनी में अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए आवेदन किया गया। उसने बताया कि उसके पिता पितांम्बर लाल निर्मलकर बाल्को संयंत्र के 1200 मेगावाट के ठेकेदारी में नियमित एलटीएस कर्मचारी थे। अक्टूबर 2023 में उसके पिता की आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिसके नियमानुसार मृतक की परिजन को अनुकम्पा नियुक्ति मिलनी थी। इस हेतु उसके द्वारा आवेदन भी प्रस्तुत किया गया है। कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को प्रकरण की परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सरगबुंदिया निवासी राम लाल उरांव द्वारा निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग में उपयोग हेतु डंप किए गए राखड़ का बरसात के समय मे अपने खेत मे बह कर खेत में भर जाने से हुए फसल नुकसान का मुआवजा व खेत की सफाई कराने हेतु आवेदन दिया गया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारी को आवेदन की जांच कर आवेदक को राहत पहुचाने हेतु निर्देशित किया। आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने आवेदन दिए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर शासन के नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग: दावा आपत्ति निराकरण सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दंत चिकित्सक, फिडिंग डिमोंस्ट्रेटर, रेडियोग्राफर एवं मेडिकल लैब टैक्नालॉजिस्ट के पद की दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची प्रकाशन कर पुन: दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। उक्त दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात् निराकरण सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाइट www.korba.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

## बालको : रन फॉर जीरो हंगर अभियान से जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा पौष्टिक भोजन

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन (वीडीएचएम) के अंतर्गत टाउनशिप वाकथॉन का आयोजन किया। 20 अक्टूबर तक चलने वाले वीडीएचएम रन फॉर जीरो हंगर अभियान में बालको ने अबतक 10 लाख किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। वेदांता कर्मचारियों के लिए एक फ़िटनेस ऐप भी लॉन्च किया है। इस ऐप से पता चलेगा कि कर्मचारी कितने किलोमीटर की दौड़ तय कर चुके हैं।

दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजक वेदांता ने संकल्प लिया है कि कर्मचारियों के प्रत्येक किमी दौड़ने पर एक जरूरतमंद बच्चे को पौष्टिक भोजन मिलेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग खुद को फिट करने के उद्देश्य से मैराथन से जुड़ेंगे और उनके दौड़ने से लाखों जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा। कंपनी ने वीडीएचएम के अंतर्गत विभिन्न वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किय हैं। स्वास्थ्य के साथ सामाजिक भलाई को बढ़ावा देते हुए बालको कर्मचारियों तथा उनके परिवारजन ने टाउनशिप के रन फॉर जीरो हंगर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पिछले हफ्ते









बालको कर्मचारी, व्यावसायिक साझेदारों, विद्यार्थी और समुदाय के 1400 से अधिक लोग दौड़ में शामिल हुए।

अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा बाल विकास में योगदान देने के उद्देश्य से नंद घर परियोजना की शुरूआत की गई है। समुदाय के साथ-साथ कंपनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखती है। यह कंपनी के कुपोषण मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वेदांता समूह नंद घर परियोजना से देश भर में सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहा है।


सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते।।

शारदीय नवरात्रि पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



माँ आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें...



प्रहलाद सिंह
कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?
एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं



नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।
सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)
कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र
प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
मो.नं.-90987-52955, 99262-57886

किराए से देना है
कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर कोरबा होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में स्थित 3000 स्क्वायर फीट हॉल जिसमें 2 सेप्रेट वाशरूम, फाल सिलिंग, विट्रीफाइड फ्लोर एवं सुसज्जित हॉल शीघ्र किराए पर देना है। बैंक, ऑफिस कार्य, कोचिंग सेंटर, जिम आदि के लिए उपयुक्त और सुव्यवस्थित जगह।
संपर्क करें:-
गोपाल राय सोनी
अमृता ज्वेलर्स, एस.एस. प्लाजा कोरबा
मो.: 77480-44444, 88270-47777

## डॉ .गजेन्द्र तिवारी विकास संस्कृति शिक्षारत्न से सम्मानित



**पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर पाली ब्लाक मुख्यालय में स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के डायरेक्टर एवं शिक्षाविद डॉ. गजेन्द्र तिवारी को विकास संस्कृति शिक्षारत्न से सम्मानित किया गया है। डॉ. तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े विद्वतजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

गत 15 सितंबर को विकास संस्कृति अभियंता अकादमी एवं विकास संस्कृति साहित्य अकादमी व विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में सम्मान समारोह होटल रीगल बिलासपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस आर एस सामंत-मा.न्यायाधीश , छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने डॉ. तिवारी को यह सम्मान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व बीडीए चेयरमेन अनिल टाह, अधीक्षण अभियंता आई ए सिद्दिकी, कार्यपालन अभियंता मधु कुमार चंद्रा उपस्थित थे।

**आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए मिला सम्मान**

डॉ. गजेन्द्र तिवारी को यह सम्मान आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए विकास संस्कृति शिक्षारत्न से नवाजा गया। खासकर उन्होंने कल्पना फाउंडेशन के बैनर तले बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पाली में उपलब्ध करा रहे हैं और बेटी पढ़ेगी- तो देश बढ़ेगा... की संकल्पना को लेकर श्रीमती कल्पना तिवारी के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। पाली क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और शिक्षा में क्षेत्र की बालिकाएं काफी पीछे हैं। डॉ. तिवारी एवं छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकंडरी पाली के अध्यापकगणों द्वारा आदिवासी क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में जाकर बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को जागरूक भी कर रहे हैं और बालिका शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं।

**डॉ. रमन सिंह ने भी किया है सम्मानित**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री (वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष) डॉ. रमन सिंह ने भी शिक्षा में नवाचार एवं आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. गजेन्द्र तिवारी को अवार्ड देकर सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा डॉ. तिवारी को अब तक कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

## कोरबा शहर में अवैध होर्डिंग्स की भरमार: जैन एडवर्टाइजर्स की याचिका पर निगम आयुक्त, होर्डिंग अधीक्षक एवं शासन को नोटिस

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

नगर पालिक निगम कोरबा की लचर व्यवस्था से लाखों की राजस्व हानि हो रही है। नगर पालिक निगम कोरबा ने होर्डिंग्स लगाने के लिए जैन एडवर्टाइजर्स को अधिकृत किया है और सभी शर्तों को पूरा करने के बाद जैन एडवर्टाइजर्स को नगर निगम क्षेत्र के कोरबा शहर में अधिकृत किया गया है, लेकिन शहर में मंत्री से लेकर सामाजिक संगठनों, व्यक्तिगत होर्डिंग्स लगाने की होड़ लगी हुई है और सरकार बदलने के बाद भाजपा नेता नगर निगम से बिना अनुमति जहां देखो वहां अवैध होर्डिंग लगाकर अपनी राजनीति दमकाने में लगे हुए हैं।



अवैध होर्डिंग्स से अधिकृत एजेंसी एवं नगर पालिक निगम कोरबा को लाखों की राजस्व हानि हो रही है, उधर अवैध होर्डिंग्स एवं अवैध टैंट के कारण अधिकृत एजेंसी को भी नुकसान हो रहा है।

**अवैध होर्डिंग्स एवं अवैध टेंट को लेकर हाईकोर्ट में याचिका**

जैन एडवर्टाइजर्स के संचालक निर्मल जैन ने बताया कि कोरबा शहर में अवैध होर्डिंग्स एवं अवैध टेंट लगने के कारण निगम एवं उनकी एजेंसी को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है, इसके विरूद्ध उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी और 19 सितंबर को उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश पार्थप्रीतम साहू की एकलबेंच द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा आयुक्त एवं होर्डिंग अधीक्षक को नोटिस जारी किया है और तीन सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।

**निगम की बड़ी लापरवाही: अवैध होर्डिंग्स पर कार्यवाही नहीं**

हाईकोर्ट ने नगर पालिक निगम कोरबा को फटकार लगाते हुए राज्य शासन, आयुक्त-नगर पालिक निगम कोरबा, अधीक्षक होर्डिंग्स-नगर पालिक निगम कोरबा को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह का समय दिया है और जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। पिटिशनर निर्मलजैन कोरबा के द्वारा निगम को अनेकों बार शासन की उपविधियां विज्ञापन (विज्ञापन एवं विनियमन) उपविधियां 2012 के तहत कड़ी कार्यवाही नहीं करने के सवालों का जवाब देने का नोटिस जारी किया है।

## शिवाजी नगर डांडिया उत्सव समिति द्वारा गरबा आयोजन की तैयारी शुरू



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा के दौरान मां भगवती की आराधना के साथ-साथ डांडिया एवं गरबा उत्सव का अपना एक अलग महत्व है। नवरात्रि के दौरान हर आयु वर्ग के लोगों में अलग उत्साह का संचार होता है। गरबा डांडिया उत्सव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिवाजी नगर गरबा डांडिया उत्सव समिति के द्वारा भव्य आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। 30 वर्ष पूर्व शिवाजी नगर के प्रांगण में शुरू हुआ गरबा डांडिया उत्सव आज पूरे जिले में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। गरबा डांडिया उत्सव के दौरान कॉलोनी सहित पूरे जिले के लगभग 600 से अधिक लोग मैदान में डांडिया करके मां भगवती की आराधना करते हैं। इस बार शिवाजी नगर डांडिया गरबा उत्सव समिति ने बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डांडिया उत्सव के दौरान पास व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है एवं डांडिया गरबा करने वालों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि मातृशक्ति देवी की आराधना पूर्ण सात्विकता एवं परंपरागत ढंग एवं शांति से आपके सहयोग से संपन्न किया किया जाएगा।

## एसईसीएल ने वित्त वर्ष 24-25 की पहली छमाही में 400 से अधिक भू-स्वामियों को दिया रोजगार

**पिछले वित्त वर्ष की तुलना में भू-स्वामियों के रोजगार में 56 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनियों में से एक एसईसीएल भू-स्वामियों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। एसईसीएल द्वारा चालू वित्त-वर्ष की पहली छमाही में 414 लोगो को भूमि-अधिग्रहण के एवज़ में रोजगार स्वीकृति प्रदान की गई है।

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में एसईसीएल ने परियोजना-प्रभावित भू-स्वामियों के रोजगार में 56त्न की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। पिछले वित्त वर्ष 23-24 की पहली छमाही में कंपनी ने 265 लोगों को रोजगार प्रदान किया था।

वित्तीय वर्ष 22-23 की बात करें तो कंपनी द्वारा 704 भू-स्वामियों को रोजगार प्रदान किया गया है वहीं पिछले वित्तीय वर्ष 23-24 में 707 भू-स्वामियों को रोजगार प्रदान किया गया जोकि पिछले 10 वर्षों का सर्वाधिक आंकड़ा है।

एसईसीएल भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाते हुए भूस्वामियों को त्वरित रोजगार एवं समुचित बसाहट के लिए निरंतर प्रयासरत है। कंपनी ने अपनी मेगापरियोजनाओं गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा में विशेष आर एंड आर पैकेज लागू किया गया है जिसमें भू-स्वामियों को बेहतर मुआवजा मिल रहा है। इस पहल के सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

### 182 आश्रितों को भी मिली नौकरी

कर्मियों के आश्रितों को रोजगार की दिशा में तत्परता से काम करते हुए एसईसीएल द्वारा वित्त वर्ष 24-25 में अप्रैल से अब तक 182 आश्रितों को भी नौकरी प्रदान की गई है। कोयला कंपनियों के लिए भूमि ही उत्पादन का मूल आधार है और खदानों से उत्पादन बढ़ाने के लिए समय रहते भूमि-अधिग्रहण करना बेहद आवश्यक है।

### सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मार्गदर्शन में एसईसीएल प्रबंधन संवेदनशील

संवादशील प्रबंधन के मंत्र के साथ भू-स्वामियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। कंपनी द्वारा अप्रैल 2022 से अब तक लगभग 1800 से अधिक भू-स्वामियों को रोजगार स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी शनिषचंद्र गुप्त ने दी।

## लायंस क्लब बालको ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

लायंस क्लब बालको द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन बालाजी ब्लड बैंक के साथ NKH हॉस्पिटल बालको में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल उपस्थित हुए। लायंस क्लब बालको के अध्यक्ष लायन रितेश केडिया ने सर्वप्रथम रक्तदान देकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया एवं उसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर PMJF लायन विजय अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन जोन 2 mjf लायन कैलाश नाथ गुप्ता, लायन राजेश त्रिपाठी सहित क्लब के




सदस्य ने हिस्सा लिया । इस आयोजन के लिए मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा रक्तदान का अपना महत्व है। कई बार हॉस्पिटलों में मरीज रक्त की कमी से दम तोड़ देते हैं । ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में सभी ग्रुप का ब्लड उपलब्ध रहे, इसके लिए समाजसेवी संस्थानों को आगे आना चाहिए।

## बताती के बच्चों को लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल द्वारा वाद्य यंत्रों का नि:शुल्क वितरण

**बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना हम सबकी जिम्मेदारी - लायन राजकुमार अग्रवाल**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संरक्षक एवं पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल द्वारा 15 सितम्बर 2024 दिन रविवार को ग्राम बताती में निवासरत् संगीत में रूचि रखने वाले बच्चों को वाद्य यंत्रो का नि:शुल्क वितरण किया गया। पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल को जब इस बात की जानकारी मिली कि ग्राम बताती में निवास कर रहे कुछ



बच्चों को संगीत मे विशेष रूचि है, परंतु वाद्य यंत्रों के अभाव में वे संगीत के प्रति अपनी प्रतिभा को निखार नहीं पा रहे हैं। ऐसे में पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल द्वारा उन सभी बच्चों को ग्राम बताती में स्थित अपने फार्म हाउस में आमंत्रित कर वाद्य यंत्रों का नि:शुल्क वितरण किया गया। साथ ही उन बच्चों के साथ कुछ पल भी बिताये। पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल द्वारा प्राप्त वाद्य यंत्रों से बच्चे काफी आनंदित और उत्साहित दिखे। पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल द्वारा इस प्रकार की सेवा एवं सहयोग हेतु ग्रामवासियों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के वरिष्ठ सदस्य लायन दर्शन अग्रवाल एवं ग्राम सरपंच, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बच्चों ने कहा कि अग्रवाल सर ने हमारी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए हमारी मांगों को पूरी की, हम संगीत विद्या को आगे बढ़ायेंगे।

# कोरबा महापौर सीट अगर सामान्य होती है तो विकास अग्रवाल हो सकते हैं भाजपा के प्रबल दावेदार

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

नगरीय निकाय चुनाव संभवत: दिसंबर में हो सकते हैं, इसके लिए भाजपा ने सदस्यता अभियान महापर्व के बहाने एक बड़ा प्रचार अभियान प्रारंभ कर दिया है। इस बार छत्तीसगढ़ में भी लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने के लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने बूथ से लेकर जिला पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया है। छोटे से लेकर बड़े कार्यकर्ता इस महापर्व में सदस्य बनाने लग गए हैं। इस बार कोरबा जिले में भी लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि इसका फायदा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मिल सके।

कोरबा में इस बार भाजपा का महापौर बने, इसके लिए भाजपा ने अभी से रणनीति बनाना प्रारंभ कर दिया है। संभवत: इस बार कोरबा महापौर की सीट सामान्य हो सकती है और यदि ऐसा होता है तो भाजपा को एक ऐसे उम्मीदवार की तलाश होगी, जो किसी भी परिस्थिति में कांग्रेस प्रत्याशी को मात दे सके।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक-2 के पूर्व पार्षद एवं भाजपा



व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विकास अग्रवाल एक नेता ही नहीं बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपने वार्ड को ऐसा स्वरूप दिया, जो पूरे नगर निगम क्षेत्र में एक मॉडल के रूप में उभरा है। उनकी राजनीति सिर्फ वार्ड तक ही सीमित नहीं, बल्कि संगठन में भी उनका दायरा काफी बड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में कोरबा विधानसभा क्षेत्र में उनकी अहम भूमिका रही। विधानसभा में कोरबा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन (केबिनेट मंत्री )को करीब 27 हजार एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को कोरबा विधानसभा में करीब 51 हजार की लीड मिली थी। यदि कोरबा सीट सामान्य होती है, तो भाजपा को प्रत्याशी की तलाश ज्यादा नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि विकास अग्रवाल एक ऐसे दमदार और प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं जो जनबल में भी काफी आगे दिख रहे हैं और वे कांग्रेस के किसी भी प्रत्याशी को मात देने में सफल हो सकते हैं।

### पिताजी के बाद अटल बिहारी बाजपेयी आदर्श

वरिष्ठ भाजपा नेता राजबीर प्रसाद अग्रवाल विकास अग्रवाल के रोल मॉडल हैं। वे अपने पिता को एक आदर्श पिता के साथ-साथ एक आदर्श नेता मानते हैं और राजनीति में वे अपने पिता राजबीर प्रसाद से हमेशा मार्गदर्शन लेते रहते हैं। वे अपने पिता के समान राजनीति को समाज सेवा का बड़ा माध्यम मानते हैं और राजनीति के साथ-साथ रचनात्मक कार्यों में भी एक आदर्श स्थापित कर चुके हैं। वे अपने वार्ड साकेत नगर के खासकर गरीबों के लिए कुछ करते रहते हैं और यूं कहें तो विकास अग्रवाल गरीबों के मसीहा भी हैं।

सरकार की हर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे कड़े संघर्ष करते हैं और व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सबसे अधिक इसी वार्ड को मिला है, जहां झोपड़ियां थीं, वहां आज पक्के मकान बन गए हैं और वार्ड को सुशोभित कर रहे हैं। छठ घाट को या सीसी रोड, नल-जल योजना का लाभ हो या पीडीएस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विकास अग्रवाल का फोकस रहता है। राष्ट्रीय राजनेताओं में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को वे अपना आदर्श मानते हैं और इसीलिए तो विकास अग्रवाल कहते हैं कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी देश के एक वाकई रत्न थे, जिनके नेतृत्व में भारत एक सक्षम और समर्थ राष्ट्र बना, जिसे प्रधानमंत्री मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

### विरासत में मिली भाजपा की राजनीति

विकास अग्रवाल को भाजपा की राजनीति विरासत में मिली है। पिताजी राजबीर प्रसाद अग्रवाल लंबे समय तक भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रहे और मजबूत संगठन दिलाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज भी भाजपा संगठन उनके मार्गदर्शन से आगे बढ़ रहा है।

दादाजी स्व. छोटेलाल अग्रवाल जनसंघ से जुड़े व्यक्तित्व रहे और उन्होंने भाजपा के लिए लंबे समय तक काम किया। चाचाद्वय पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल एवं भगवान दास अग्रवाल वैसे सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन समाज और रचनात्मक कार्यों में इनकी कोई सानी नहीं। पत्नी श्रीमती आरती अग्रवाल इस समय वार्ड क्रमांक -2 साकेत नगर की पार्षद हैं और उनके कार्यकाल को लोगों ने देखा। आज विकास अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती आरती अग्रवाल की अथक मेहनत एवं जज्बे से सबसे गंदी बस्ती के रूप में जाना जाने वाली स्लम एरिया- स्वीपर मोहल्ला, जहां की गंदगी के कारण लोग जाना पसंद नहीं करते थे, वह आज सर्वसुविधा युक्त स्वच्छ मोहल्ला बन गया है।

यह कम बड़ी बात नहीं कि - विकास अग्रवाल अंतिम व्यक्ति से विकास की शुरूआत करने वाले एक राजनेता हैं, जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताये मार्गों पर चलकर अंतिम व्यक्ति की समृद्धि के लिए सोच रखते हैं और उनकी समृद्धि के लिए कार्य करते भी हैं।

### तो... कोरबा में भाजपा का महापौर होता!

वार्ड क्रमांक 2 से विकास अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती आरती विकास अग्रवाल को भाजपा ने टिकट दी और एकतरफा जीत हासिल की। यहां महिला सीट होने के कारण आरती को टिकट दी गई थी। विकास अग्रवाल ने राताखार वार्ड से स्वयं के लिए टिकट की मांग की, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दी गई और राताखार से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत की हार हो गई। महापौर के लिए एक सीट की जरूरत थी, यदि राताखार सीट से विकास अग्रवाल को टिकट मिलती तो आज वे पार्षद होते और कोरबा में महापौर भाजपा का होता।

### एक मजबूत टीम

विकास अग्रवाल का व्यक्तित्व ही ऐसा है कि वे अपने सद्व्यवहार से लोगों को अपना बना लेते हैं। वे राजनीति को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचते हैं और हर वर्ग के लोगों के लिए काम करते हैं। उनकी सोच है कि जनप्रतिनिधि को हर व्यक्ति के लिए काम करना चाहिए। विकास कार्यों में राजनीति तो होनी ही नहीं चाहिए। जनप्रतिनिधि सभी का होता है और सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना उनकी सोच में है। आकर्षित व्यक्तित्व होने के कारण उनके पास एक मजबूत टीम भी है।

### भाजपा का एक ईमानदार सिपाही

जिला बनने के बाद यहां नगरीय निकाय, विधानसभा, लोकसभा के कई चुनाव हुए और भाजपा प्रत्याशी के लिए उन्होंने अपनी मजबूत टीम के साथ कार्य किया और जहां से भी उन्हें प्रभारी बनाया, वहां से भाजपा को लीड दिलायी।

# सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा जिला-कोरबा

## शारदीय नवरात्रि - 03 से 11 अक्टूबर 2024

## माँ सर्वमंगला की आरती

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी ।
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को ।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै ।
रक्त पुष्प गल माला, कंठन पर साजै ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी ।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती ।
कोटिक चंद्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती ।
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे ।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी ।
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरो ।
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता । सुख संपति करता ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी । [खड्ग खप्पर धारी]
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती ।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

श्री अम्बेजी की आरति, जो कोई नर गावे ।
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥



## सर्व सिद्धि प्रदात्रि माँ सर्वमंगला देवी

मॉ सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा की जीवनदायिनी हसदेव नदी के तट पर विश्व कल्याणी जगत् माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदीय क्वार नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री माँ सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन गुरूवार, 03.10.2024 से प्रारंभ एवं आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी दिन शुक्रवार, 11.10.2024 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे एवं यज्ञोपवित संस्कार, जसगीत गायन, कीर्तन भजन इत्यादि का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी का दर्शन लाभ एवं माँ के श्रीचरणों में सर्वमनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सुगम एवं सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यों में समस्त श्रद्धालुगण तन-मन धन से सहयोग कर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश रू. 701/- तथा घृत ज्योति कलश हेतु रू. 2100/- रूपये जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं गुणः संपदाम्। दुष्ट बुद्धि विनाशाय, दीप ज्योति नमोस्तुते।।



मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कर करें मनोकामना पूर्ण


**घृत ज्योति कलश - रूपए 2100/-**

**तैल ज्योति कलश - रूपए 701/-**



अविनाश स्टेशनरी,दर्री रोड कोरबा फोन : 230645, मो. 9753420000 अविनाश ट्रेडर्स, दर्री रोड कोरबा फोन : 230990, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने, कोरबा मो.: 9754926033 पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको फोन : 243034 -शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कुसमुण्डा 272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला मो.: 7898597355, बालकृष्ण साहू, एम.डी.340, दीपका मो. 9826671761, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा मो.: 7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका मो.: 9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह फोन : 275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार मो.: 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको. मो.: 9893349692,7999876704

असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय




आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा गुरूवार, 03.10.2024 शैलपुत्री देवी पूजन, नवरात्रि प्रारंभ, घट स्थापना, दीप प्रज्जवलित, वेदी पूजन, महाश्रृंगार रात्रि, भोग - गाय का घी, फल- संतान प्राप्ति।


आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया शुक्रवार, 04.10.2024 ब्रम्हचारिणी देवी पूजन, भोग मिश्री, फल - मोक्ष प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि


आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया शनिवार, 05.10.2024 चन्द्रघण्टा देवी पूजन भोग - गाय का दूध, खीर, फल - ऐश्वर्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि


आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी रविवार, 06.10.2024 माँ कुष्माण्डा देवी पूजन भोग-मालपुआ, फल - शत्रुनाश एवं महाश्रृंगार-रात्रि


आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी सोमवार, 07.10.2024 माँ स्कन्द माता पूजन, भोग-केला फल, फल - आरोग्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार -रात्रि


आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी मंगलवार, 08.10.2024 माँ कात्यायनी पूजन भोग-शहद, फल - शादी परिणय बंधन एवं महाश्रृंगार-रात्रि


आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी बुधवार, 09.10.2024 कालरात्रि पूजन भोग - गुड़, फल - विजय प्राप्ति एवं महाश्रृंगार- रात्रि


आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी गुरूवार, 10.10.2024 महागौरी पूजन, भोग - सूजी का हलवा, फल - धन प्राप्ति तथा पूर्णाहुति, हवन - सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण, ब्राम्हणभोज, कन्याभोज


आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी शुक्रवार, 11.10.2024 सिद्धिदात्री पूजन, भोग- धान, तिल-लाई, फल-वाणी सिद्धि प्राप्ति तथा सम्पूर्ण नवरात्रि एवं जवारा कलश विसर्जन, शाम 05:00 बजे।


नोटः-

शारदीय क्वार नवरात्रि पर्व 03.10.2024, गुरूवार से प्रारंभ होगा, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/-रूपये एवं घृत ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें। सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान, ब्राहम्ण भोज, कन्या भोज दिनांक 10.10.2024, गुरूवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन दिनांक 11.10.2024, शुक्रवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातःकाल एवं संध्या 7.00 बजे होगी। माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रति रात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं, कृपया पुजारी/ प्रबंधक से संपर्क करें - ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

मंदिर परिसर में नियमों का पालन करें
और शांति से दर्शन करें-

**प्लास्टिक थैले का उपयोग न करें।**

माँ सर्वमंगला देवी सबकी मनोकामना पूर्ण करें



# राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय (नन्हा)

## प्रबंधक एवं व्यवस्थापक

# श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर

## दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com